


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-45 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 27 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## पक्का आवास पाने से कोई न छूटे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### पीएम आवास योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने 31 मार्च तक पूर्ण करें सर्वे कार्य जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढावा देने के लिए करें प्रयास

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय वर्ग के सभी हितग्राहियों को पक्का आवास प्रदान करें। कोई भी हितग्राही आवास पाने से वंचित न रहे। किन्हीं भी कारणों से आवास पाने से छूट गये पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रतानुसार सबको पक्के घर की सौगात दी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अभियान के मैदानी क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को अभियान तहत गांव और हितग्राही चयन का काम पूरा कर तय कार्य योजना एवं मापदंडों के अनुसार लक्षित क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को



प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव उर्जा नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि शमी, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमन शुक्ल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान की अब तक की प्रारंभिक प्रगति एवं केन्द्र सरकार को अभियान के संदर्भ में भेजे गये विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों, बसाहटों, मजरों टोलों में ज़रूरत वाले विकास कार्यों में गति लाने ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। केंद्र सरकार के इस अभियान से राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनजातीय वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर हितग्राही तक पहुंचे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढावा देने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएं। गांव में मिट्टी का परीक्षण कर किसानों को बताया जाए कि उन्हें कौन सी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। साथ ही टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय परिवारों के बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए शासकीय सहयोग से दुधारू गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे जनजातीय वर्ग की माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा।



नागपुर में गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए महिलाएं दुपट्टे से अपना चेहरा ढकती हुई।

## संभल हिंसा मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन

### –सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को एसआईटी ने दिया नोटिस



नई दिल्ली,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस ने हिंसा के आरोपी संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क पूछताछ के लिए नोटिस दिया है। मंगलवार रात संभल पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने गेस्ट हाउस पहुंचकर जियाउर्रहमान बर्क को नोटिस दिया। बर्क को 8 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। बता दें कि घर पर हुए निर्माण के मामले में भी संभल सांसद को 15वीं बार 5 अप्रैल को घर के नक्शे और जरूरी दस्तावेज के साथ बुलाया गया है। संभल हिंसा के मामले में बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है लेकिन वह अभी तक एक बार भी एसआईटी के सामने पेश नहीं हुए हैं।जांच में शामिल होने से अब तक बच रहे जियाउर्रहमान अब 8 अप्रैल को एसआईटी के सामने पेश होंगे और जांच में शामिल होंगे। मंगलवार रात संभल पुलिस और दिल्ली पुलिस की एक टीम वेस्टर्न कोर्ट गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 39 में पहुंची।

## सुप्रीम कोर्ट ने नालाबिग लड़की के स्तन पकड़ना रेप का प्रयास नहीं फैसले पर रोक लगाई

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें कोर्ट ने कहा था, नाबालिग लड़की के स्तन को पकड़ना और पायजामे का नारा तोड़ना रेप नहीं है।न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि फैसला लिखने वाले की ओर से संवेदनशीलता की कमी दिखी। फैसला तत्काल नहीं लिया गया था, बल्कि फैसला सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया।पीठ ने कहा, इसमें विवेक का प्रयोग किया गया। आमतौर पर हम इस स्तर पर स्थगन देने में हिचकते हैं, लेकिन चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के दायरे में नहीं आती हैं और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं, इसलिए हम उक्त पैराग्राफ में की



गई टिप्पणियों पर रोक लगाते हैं।न्यायमूर्ति गवई ने इसे गंभीर मामला बताया और कहा, न्यायाधीश की ओर से असंवेदनशीलता दिखाई गई, जो समन जारी करने के चरण में हुआ।इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को वी द वूमन ऑफ इंडिया नामक संगठन ने चुनौती दी थी। पीड़िता की मां ने भी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले को स्वतः संज्ञान में जोड़ दिया था।इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा 17 मार्च को रेप से संबंधित आईपीसी की धारा 376 के तहत निचली कोर्ट द्वारा आरोपियों को समन जारी करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।इस पर उन्होंने फैसला सुनाते हुए कहा, केवल यह तथ्य कि आरोपियों ने पीड़िता के स्तनों को पकड़ा, उसके पायजामे की डोरी तोड़ी और पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश की, यह रेप के प्रयास का मामला नहीं बनता।उत्तर प्रदेश के कासगंज की एक महिला ने 12 जनवरी, 2022 को कोर्ट में शिकायत दी कि वह नवंबर, 2021 को अपनी 14 साल की बेटी के साथ एक रिश्तेदार के घर से लौट रही थी।

## कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

नईदिल्ली(आरएनएस)। कांग्रेस ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह पर सोनिया गांधी का अपमान करने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश की ओर से सौंपे गए नोटिस में कहा गया है कि यद्यपि अमित शाह ने उच्च सदन में अपने उत्तर के दौरान सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के पूर्व नियोजित उद्देश्य से उनके विरुद्ध निराधार आरोप लगाए हैं।जयराम ने पत्र राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को दिया है।राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम ने पत्र में लिखा, 25 मार्च को अमित शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक 2024 पर बहस का जवाब देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष



कांग्रेस के शासन में बना और पीएम केयर्स नरेंद्र मोदी एनडीए के शासन में बना। कांग्रेस के शासन में एक ही परिवार का नियंत्रण होता था, इसके अंदर कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य होते थे। कांग्रेस अध्यक्ष सरकारी फंड में, क्या जवाब दोगे देश की जनता को? जयराम ने पत्र में लिखा कि शाह ने सोनिया का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने साफतौर पर उनका उल्लेख किया था और प्रधानमंत्री राहत कोष के कामकाज के संबंध में उनकी मंशा पर संदेह जताया था।

## मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाया बड़ा आरोप

नई दिल्ली, (आरएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया



जाता है। मैं जब भी खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है।राहुल ने कहा, यहां हम जो कहना चाहते हैं, हमें कहने नहीं दिया जाता है। मैंने कुछ नहीं किया, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है लेकिन यहां विपक्ष की कोई जगह नहीं है।

यहां केवल सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ मेले के बारे में बोला, जिसमें मैं अपनी बात जोड़ना चाहता था। मैं बेरोजगारी के बारे में कुछ कहना चाहता था लेकिन मुझे नहीं बोलने दिया गया।एक खबर ये भी है कि लोकसभा में स्पीकर ने सांसदों के आचरण को लेकर नसीहत दी है। दरअसल दो दिन पहले राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ अजीब अभिवादन किया था। इस पर स्पीकर की तीखी प्रक्रिया सामने आई थी।



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पटना में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बैनर तले वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के खिलाफ मंच से विरोध प्रदर्शन को संबोधित किया।

## वीडियो गेम का खौफनाक असर, 40 छात्रों ने ब्लेड से काटे हाथ, शिक्षकों पर मामला दबाने का आरोप

अमरेली (ए)। वीडियो गेम के बच्चों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों का एक और भयावह उदाहरण गुजरात के अमरेली जिले से सामने आया है। यहां कथित तौर पर एक वीडियो गेम से प्रेरित होकर 40 छात्रों ने ब्लेड से अपने हाथ काट लिए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक छात्र जो वीडियो गेम का आदी था, उसने अपने सहपाठियों को ब्लेड से हाथ काटने पर 10 रुपये देने की पेशकश की। इसके बाद, हत्यामोटा मुंजयासर के एक बड़े स्कूल में पढ़ने वाले लगभग 40 छात्रों ने पेंसिल शार्पनर से ब्लेड निकालकर अपने हाथ काट लिए। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोप है कि स्कूल के शिक्षकों ने इस घटना को आठ दिनों तक छिपाकर रखा।यह मामला तब सामने आया जब अभिभावकों को इसकी जानकारी मिली और उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। बताया जा रहा है



कि हत्यामोटा मुंजयासर के इस बड़े स्कूल में लगभग 300 छात्र पढ़ते हैं, जो आसपास के कई गांवों से भी आते हैं। सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र बागासरा का रहने वाला है, जिसे वीडियो गेम की लत थी।आरोप है कि इसी बागासरा के छात्र ने वीडियो गेम से प्रेरित होकर अपनी कक्षा के अन्य छात्रों से कहा कि यदि वे ब्लेड से अपना हाथ काटेंगे तो वह उन्हें 10 रुपये देगा, और यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो बाकी छात्र उसे पांच रुपये देंगे। इस प्रलोभन के परिणामस्वरूप, 40 छात्रों ने ब्लेड से अपने हाथ काटना शुरू कर दिया।




## आतिशी को दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस, कालकाजी सीट से निर्वाचन को चुनौती का मामला

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने कालकाजी सीट से निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद आतिशी को नोटिस जारी किया है. जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने आतिशी मार्लेना, निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करने का आदेश दिया. मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी।

सुनवाई के दौरान निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि ये स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि चुनाव याचिका में न तो निर्वाचन अधिकारी और न ही निर्वाचन आयोग को पक्षकार बनाया जाता है. तब कोर्ट ने कहा कि ये आप पर निर्भर है कि आप जवाब में इस पक्ष को रखें.याचिका कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के निवासी कमलजीत सिंह दुग्गल और आयुष राणा ने दायर किया है. याचिका में आतिशी को कालकाजी विधानसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी गई है. याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान आतिशी मार्लेना और उनके चुनाव प्रतिनिधि ने भ्रष्ट आचरण का इस्तेमाल किया. याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले आतिशी मार्लेना के एक निकट सहयोगी को पांच लाख रुपये की नकदी के साथ पकड़ा गया था और वो आतिशी मार्लेना के निर्देश पर मतदाताओं को रिश्वत देने का काम कर रहा था. याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना आतिशी मार्लेना ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123(1) के तहत भ्रष्ट आचरण है।

## पीएम कुसुम योजना को लेकर सांसद दर्शन सिंह ने सदन में रखा विषय

### अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने के लिए प्रधानमंत्री का माना आभार पोर्टल खोलने की समय अवधि में वृद्धि की सांसद ने की मांग

नर्मदापुरम (निप्र)। क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा लगातार क्षेत्र की आवश्यक्ताओं को ध्यान में रखते हुए देश की संसद में प्राथमिकता से विषय रखे जा रहे हैं। उन समस्याओं के समाधान के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।नई दिल्ली लोकसभा सदन में बुधवार को सांसद ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित तारांकित प्रश्न क्रमांक 364 के माध्यम से प्रश्न रखा जिसका नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने जवाब में बताया कि पीएम.कुसुम, किसानों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा हैए जिससे ये अन्नदाता के साथ.साथ ऊर्जादाता बनकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। इस योजना के मुख्य लाभ और सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया।? प्रति प्रश्न करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मोदीजी के कुशल नेतृत्व पीएम.कुसुम योजना संचालित की जा रही है जो कि किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से अन्नदाता के साथ.साथ ऊर्जादाता बनकर अपनी



आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं।सांसद ने सदन के माध्यम से आवश्यक तीन प्रकार के सुझाव प्रस्तुत करते हुए कहा कि पहली इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट से संबंधित दूसरी ऊर्जा विभाग से संबंधित और तीसरी बैंकिंग से संबंधित

### सौर ऊर्जा से उत्पादित अधिशेष विद्युत के मूल्य निर्धारण का सांसद ने किया आग्रह

इनमें किसान के लिए मॉनिटरिंग व्यवस्था का अभाव है किसान को किससे संपर्क करना है कहां संपर्क करना है इसकी जानकारी नहीं है। एक अवधारणा बनती जा रही है कि कुछ लोग ही इस योजना का लाभ ले सकते हैं जबकि इस योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री का उद्देश्य छोटे और सीमांत कृषकों को लाभ पहुंचाना है। सांसद ने कहा कि पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से सिंचाई के लिये आवश्यक विद्युत आपूर्ति के पश्चात यदि किसान सौर ऊर्जा संयंत्रों से उत्पादित अधिशेष विद्युत को बेचने में सक्षम होते हैं तो अधिशेष विद्युत का मूल्य निर्धारण किया जावे। पीएम कुसुम योजना के पंजीकरण के लिए पोर्टल नियमित आधार पर खुले महीने में दो दिन की अपेक्षा पोर्टल खोलने की समयावधि में वृद्धि की जाए।



# पत्रकार हैं लोकतंत्र के सच्चे सेनानी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जन-जन तक सूचनाएं पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम हैं पत्रकार: विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर श्रमजीवी पत्रकारों का त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन हुआ प्रारंभ



भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सेनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आमजनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला बहुत पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करते रहते हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्य कर रहा है।विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर, विधायक दिनेश गुर्जर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष श्री भदौरिया, आशीष अग्रवाल, पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी सुरेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार दुबे, जिला अध्यक्ष रामशरण शर्मा एवं प्रदेश भर से आए पत्रकार साथी उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। श्रमजीवी पत्रकार संघ मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेश भर में पत्रकारों के हित में यह संगठन कार्य कर रहा है। पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुँचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संगठन की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकार बीमा कराने की तिथि बढ़ाने की घोषणा की, जिसके कारण प्रदेश भर के पत्रकारों को लाभ हुआ है। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्रकारों के हित में विभिन्न माँगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पत्रकारों के हितों के लिये इन मांगों को प्रदेश सरकार शीघ्र पूर्ण करे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के जिलों से आए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्षों ने भी अपनी-अपनी बात रखी।

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर गुस्साई नवविवाहिता ने भदभदा पुल से लगाई छलांग, बची जान

**-पति के खिलाफ मामला दर्ज कर सकती है पुलिस**

**-महिला के व्हाट्स एप स्टेट्स वायरल,पति पर लगाये प्रताड़ना के आरोप**



भोपाल(ए)। राजधानी के कमला नगर थाना क्षेत्र में स्थित भदभदा पुल से बीती सुबह रातीबड़ थाना इलाके में रहने वाली एक नववाहिता ने छलांग लगाकर जान देने की की कोशिश की। गनीमत रही को महिला के पानी में छलांग लगाते हुए वहां से गुजर रहे राहगीरों ने देख इसकी सूचना फौरन ही पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला के सोशल फोन के कुछ मैसैज सोशल मीडिया पर वायरल हुए है, जिससे यह नजर आ रहा है की वह अपने पति की हरकतों से प्रताड़ित थी। महिला का खुदकुशी से पूर्व लिखा एक व्हाट्स एप स्टेट्स उसके भाई ने पुलिस को सौंपा है। इसके बाद पुलिस पति के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी में है। पुलिस सूत्रो के अनुसार महिला ने अपने पति अभिषेक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे संबोधित करते हुए लिखा है, कि तुम्हें एक कहां, 4-5 गर्लफ्रेंड चाहिए। उसने आगे लिखा कि मुझे लोगों से एक ही बात कहनी है, कि अपनी लड़की की शादी बहुत सोच समझकर करना। अगर उनकी जिंदगी नरक करना हो तो ही शादी करना। अगर महानरक करना हो तो मेरे पति अभिषेक से कर देना। आगे उसने भाई को संबोधित करते हुए लिखा कि भैया, कभी मुझे कुछ हो जाए तो ससुराल के किसी भी रिश्तेदारों को एक कप चाय तक मत पिलाना। उनके परिवार से कोई न्योता भी मत करना। अगर ये लोग आए तो मेरी आत्मा को आग में जलाने के समान होगा, कभी भी सुकून नहीं मिलेगा मुझे। महिला ने आगे लिखा है, कि इससे अच्छा 11 भूखे लोगों को खाना खिला देना। नव विवाहिता ने लिखा है कि उसके पति के कई लड़कियों के साथ संबंध रखने का आदी है। वह उसे लगातार प्रताड़ित करता था। स्टेटस में आगे उसने पति को संबोधित करते हुए लिखा कि अभि जी तुमने कभी मेरे प्यार को समझा ही नहीं। मैं रोती रही और तुम मुझे रोते देख हंसते रहे। कितनी बार तुम्हें समझाया पर तुम नहीं समझे। दूसरी लड़कियों के चक्कर में रहे। सोचा आज नहीं तो कल सुधर जाओगे, पर तुम आखिरी प्यार हो। जिस दिन तुमसे दूर जाऊंगी तुम तो उस दिन दूसरी शादी कर लोगे। आज मम्मी दूसरी शादी का बोलती हैं तो रोना आ जाता है। पर तुम्हें क्या, तुम्हें तो एक गर्लफ्रेंड कहां चाहिए, 4-5 चाहिए। महिला के यह स्टेट्स मिलने के बाद पुलिस ने इसी आधार पर उसके पति अभिषेक को हिरासत में लेकर आगे की जॉच शुरु कर दी है।

## पतंग उड़ाते समय एचटी की चपेट में आकर झुलसे 10 साल के मासूम की हालत स्थिर

भोपाल(ए)। शहर के निशातपुरा थाना इलाके में बीती दोपहर 10 साल का बच्चा पतंग उड़ाते समय हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मिली जानकारी के मुताबिक घायल बच्चे का नाम शौर्य है, मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे वह अपने घर के पास पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान उसकी पतंग एचटी लाइन में उलझ गई। शोर्य ने जब पतंग की डोर खींचने की कोशिश की, तब करंट का तगड़ा झटका लगने से वह गंभीर रुप से झुलस गया। हादसे के बाद परिवार वालो ने उसे फौरन ही आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिये कमला नेहरू अस्पताल पहुंचाया जहॉ उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, मासूम की हालत फिलहाल चिंताजनक बताई जा रही है। रहवासियो का कहना है की क्षेत्र में हाई टेंशन लाइन काफी नीचे से गुजरी है, जिससे यहॉ आये दिन इस तरह के हादसो की आंशका बनी रहती है।

# शराब पार्टी के दौरान दोस्तो के बीच हुए झगड़े में ऑटो में लगा दी आग



भोपाल(ए)। राजधानी के शाहपुरा थाना इलाके में स्थित रोहित नगर में दो शराब पार्टी के दौरान दो दोस्तो का अपने ऑटो चालक दोस्त से विवाद हो गया। बहसबाजी से शुरु हुआ विवाद गाली-गलौच और मारपीट तक पहुंच गया। दोनो आरोपियों ने अन्य ऑटो चालक के साथ मारपीट की और फिर उसके ऑटो में आग लगा दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर ऑटो में आग लगाने वाले दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया की थाना इलाके में स्थित सलैया के पास स्थित बीडीए कॉलोनी में रहने वाला फरियादी मोनू सोनारे पिता भैयालाल सोनारे (35) ऑटो चलाता है। आरोपी दीपक और बंटी उसके पुराने दोस्त हैं। तीनों मंगलवार को एक साथ शराब पार्टी कर रहे थे। नशे की हालत में दीपक और बंटी के साथ ऑटो से रायसेन गिरी घुमने गया था। वहॉ उन्होनें शराब पार्टी की जिस दौरान किसी बात को लेकर दोनो का मोनू से विवाद हो गया। मामूली विवाद गाली-गलौच तक पहुंच गया लेकिन उस समय जैसै-तैसै मामला शांत हो गया और तीना ऑटो से वापस लौट आये।

यहॉ बावड़ियां कलॉ पहुंचते ही दीपक और बंटी ने रायसेन में शराब पार्टी के दोरान हुए विवाद को लेकर फिर से झगड़ा करना शुरु कर दिया। इसके बाद दीपक के साथी बंटी ने ऑटो रोक लिया और दोनो ने मोनू का जमकर पीटा।

## वरिष्ठ पत्रकार अरूण पटेल की सास का निधन

भोपाल (निप्र)। वरिष्ठ पत्रकार अरूण पटेल की सास एवं स्व. ओंकार सिंह रघुवंशी की पत्नी श्रीमती गीता



रघुवंशी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं। श्रीमती रघुवंशी का अंतिम संस्कार भदभदा विश्राम घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अजित रघुवंशी ने दी। इस अवसर पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे , कांग्रेस पार्षद गुड्डु चौहान, राकांपा (अजित) के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी, विजयदत्त श्रीधर, एन.के.सिंह, सतीश सक्सेना, गिरीश उपाध्याय, राकेश अग्निहोत्री, विनोद तिवारी, संजय सक्सेना, नंदकिशोर मालवीय सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। दिवंगत आत्मा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## उप मुख्यमंत्री, महापौर व निगम परिषद अध्यक्ष कैंसर जांच-जागरुकता शिविर में हुए सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, महापौर मालती राय व निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भोजपाल मित्र परिषद द्वारा आयोजित नि:शुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर ''कैंसर का निदान, समझदारी से समाधान'' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. एस.के. जैन, रजिस्टार डॉ. मंसूरी, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, आरोग्य भारती के डॉ. आशीष वार्ष्णेव, भोजपाल मित्र परिषद के आशीष पाण्डे, सुरेन्द्र शर्मा, आशीष जनक कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिकेत गोयनका, रोहित पाण्डे, अमित तडैया, संतोष ब्रह्मभट्ट, भोजपाल मित्र परिषद के पदाधिकारी एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, महापौर मालती राय व निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मंगलवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में भोजपाल मित्र परिषद द्वारा आयोजित नि:शुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर ''कैंसर का निदान, समझदारी से समाधान'' में सम्मिलित हुए और शिविर में की जा रही जांच एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में आयोजकों एवं चिकित्सकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की और कैंसर के प्रति जागरूकता का आव्हान किया।

## डिप्टी रेंजर पर आदिवासी महिला से अश्लील हरकत का आरोप, भीड़ ने की पिटाई

भोपाल (आरएनएस)। खोड़ चौकी क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां डिप्टी रेंजर पर आदिवासी महिला से सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि आरोपी डिप्टी रेंजर शराब के नशे में धुत्त था और उसने महिला से अभद्र व्यवहार किया।घटना से आक्रोशित महिला ने चप्पलों से उसकी पिटाई कर दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने भी उसकी जमकर धुनाई की। वहां से डिप्टी रेंजर अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गया। मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित महिला और उसका पति खोड़ चौकी पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पुलिस चौकी पर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिप्टी रेंजर का यह कृत्य प्रशासन की छवि को धूमिल करता है, इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सहरिया क्रांति ने पुलिस से तत्काल मामला दर्ज करने की अपील की है।

# शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये एससीईआरटी को सुदृढ़ करें : स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह

## शालाओं में नामांकन दर को बढ़ाने के लिये जन-प्रतिनिधियों की लें मदद स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह की अध्यक्षता में हुई टॉस्क फोर्स की बैठक

भोपाल(आरएनएस)।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के लिये राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को सुदृढ़ करने की जरूरत है। इसके लिये शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाये। शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से निरंतर अपडेट रखा जाये। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बढ़ाने के लिये समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जाये। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह बुधवार को मंत्रालय में नई शिक्षा नीति-2020 की टॉस्क फोर्स समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में टॉस्क फोर्स के सदस्यों ने विभिन्न विषयों से जुड़े सुझाव दिये। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्य से लगे शिक्षकों पर प्रशासनिक कार्यों का भार कम किया जाये। शिक्षक शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का शत-प्रतिशत उपयोग करें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बढ़ाने के लिये प्राध्यापकों को जिम्मेदारी दी गयी है। वे उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिये स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) देने के बाद उनके पुन: प्रवेश की प्रक्रिया को भी सुनिश्चित करेंगे। शिक्षा विभाग का मैदानी अमला शालावार इसकी समीक्षा करना सुनिश्चित करे। बैठक में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर योग की शिक्षा देने का भी सुझाव दिया गया।



### नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

बैठक में बताया गया कि 4473 पूर्व प्राथमिक शालाओं में करीब एक लाख बच्चे दर्ज हैं। इन शालाओं के शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। इसी के साथ पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में दर्ज बच्चों को पीएम पोषण उपलब्ध कराने के लिये शिक्षा पोर्टल पर प्रावधान किया गया है। करीब 40 हजार आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गयी है। मिशन अंकुर के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं में लर्निंग किट और जादूई पिटारा उपलब्ध कराया गया है। कक्षा-1 और 2 के बच्चों और अभिभावकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिये एफएलएन मेला आयोजित किया गया है। इस मेले के माध्यम से छोटे बच्चों के अभिभावकों को बच्चे की क्षमता के बारे में कार्ड दिये जाने की व्यवस्था है। फ्लोर गेम के अंतर्गत बच्चों को पढ़ाई में रुचि जागृत करने के लिये खेल आधारित शिक्षा की व्यवस्था की गयी है।

### ड्रॉप आउट कम करना और शिक्षा की सार्वभौमिक पहुँच

विद्यार्थियों के लिये ऑनलाइन ट्रेकिंग की व्यवस्था की गयी है। इस वर्ष छात्रवृत्ति, गणवेश, साइकिल की व्यवस्था शैक्षिक सत्र के साथ हो, इसके लिये विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने बताया कि प्रदेश में इस शैक्षणिक सत्र में बच्चों को निन्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें अप्रैल माह में ही उपलब्ध करा दी जायेंगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में 3471 हाई स्कूलों और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अत्याधुनिक आईसीटी लैब तैयार की गयी है। हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के 44 हजार शिक्षकों को टेबलेट के लिये राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है।

टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में अध्यक्ष प्रदेश एवं शुल्क विनियामक समिति श्री रवीन्द्र कान्हेरे, हिन्दी ग्रंथ अकादमी के निदेशक श्री अशोक कड़ैल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल श्री कृष्णदेव त्रिपाठी, पूर्व आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत, पूर्व अपर संचालक लोक शिक्षण श्री धीरेन्द्र चतुर्वेदी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 31 मार्च तक ऑनलाइन जमा किया, तो मध्य प्रदेश में प्रॉपर्टी और जलकर समेत अन्य टैक्स में मिलेगी छूट

भोपाल (आरएनएस)। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में संपत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है।

मौजूदा वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश शासन ने भी कर वसुली की प्रक्रिया तेज कर दी है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने आदेश जारी किया है कि 31 मार्च तक ऑनलाइन टैक्स भुगतान पर लोगों को छूट दी जाएगी।वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रतिवर्ष संपत्ति कर की वसूली में राज्य की ग्रास स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है।इस स्थिति को देखते हुए वृद्धि न किए जाने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पड़ सकता है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समस्त प्रकार के करों की वसूली नियत समय में किए जाने के लिए जागरूक करने के लिए कहा गया है। नागरिक इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपने क्षेत्र के नगरीय निकाय के वार्ड कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।





मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली

### सिविल सप्लाई कार्पोरेशन की संगठनात्मक संरचना में सुधार का प्रस्ताव तैयार करें : गोविंद सिंह राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन की संगठनात्मक (ओ.एस.) में सुधार के लिये प्रस्ताव तैयार करें। जरूरत हो तो इसके लिये कंसल्टेंट की सेवाएँ भी ली जा सकती हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश कार्पोरेशन की संचालक मण्डल की बैठक में दिये। उपार्जन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि मैदानी स्तर पर उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। मंत्री श्री राजपूत ने उच्च अधिकारियों को भी उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश देते हुये कहा कि वह स्वयं भी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि कार्पोरेशन में रिक्त पदों की भर्ती जल्द करें।

## बिजली उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत : 1 अप्रैल से लागू नहीं होंगी नई दरें, ये रही वजह

भोपाल(आरएनएस) मध्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए थोड़ी राहत की खबर है। प्रदेश में एक अप्रैल से बिजली की नई दरें लागू नहीं होगी। क्यों कि विद्युत नियामक आयोग ने अब तक कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। प्रावधान के मुताबिक, सूचना जारी करने के साथ दिन बाद नई



दरें लागू होगी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है। दरअसल, राज्य विद्युत नियामक आयोग ने अब तक सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की है। तय प्रावधान के मुताबिक, जब सार्वजनिक सूचना जारी की जाती है, उसके अगले दिन से 7 दिन बाद ही बिजली की नई दरें लागू हो सकती हैं।

1 अप्रैल से नई दरें तब लागू हो सकती थीं जब आयोग 24 मार्च तक सार्वजनिक सूचना जारी करता। लेकिन अब तक कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में 7.52 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

## ईओडब्ल्यू का बड़ा एक्शन, 38 समितियों के 145 लोगों पर एफआईआर

भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में धान उपार्जन घोटाले में EOW ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 8 जिलों की 38 समितियों के खिलाफ145 व्यक्तियों पर 38 FIR की है।धान उपार्जन घोटाले में EOW ने जिला सिवनी की शकुंतला देवी राइस मिल के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। बालाघाट, सतना, सीधी, मैहर, डिंडोरी, सागर, पन्ना, सिवनी में धान उपार्जन में 50,000 क्विंटल की हेराफेरी पाई गई थी। शकुंतला देवी राइस मिल, सिवनी के खिलाफधान उर्पाजन और शासकीय धान की मिलिंग में अनियमितताओं के संबंध में मिली शिकायत की जांच की गई।राइस मिल की जांच करने पर साल 2024-25 में मिलिंग के लिए मिले धान में 3184 क्विंटल धान/चावल की कमी पाई गई और मिल में 2297 क्विंटल चावल 4594 बोरियों में हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा राज्यों का पाया गया। साथ ही बालाघाट की राइस मिल का 28 हजार 590 किलोग्राम चावल से भरा वाहन पाया गया। शकुंतला देवी राइस मिल भुरकलखापा, सिवनी के मालिक दीपक अग्रवाल के विरूद्ध आपराधिक अनियमितता पाये जाने पर EOW जबलपुर ने धारा 316 (5) भारतीय न्याय संहिता 2023 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आईपीएल की सट्टेबाजी करते 4 आरोपी पकड़ाए

दतिया (आरएनएस)। ग्वालियर पुलिस ने आईपीएल सट्टेबाजी कर रहे दतिया के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया, सूचना मिली थी कि किड्स स्कूल के पास न्यू गोविंदपुरी में कुछ लोग आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे हैं। पुलिस टीम ने छापेमारी करने गई तो आरोपी मैच की हर गेंद पर सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने जिन आरोपियों को पकड़ा है उनकी पहचान दतिया निवासी विकास शर्मा, आलोक राजावत, जय राजावत और रितिक राठौर के रूप में हुई है। अब यह पता लगा रही है कि इन्हें सट्टा लगवाने की लाइन किसने दी।पिछले साल भी पुलिस ने दतिया, डबरा और झांसी के कई सटोरियों को पकड़ा था। बाहरी सटोरियों के सक्रिय होने की जानकारी के बाद पुलिस अब किराए पर रहने वाले संदिग्धों की जांच कर रही है।एएसपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि माइक्रो बीट प्रभारी से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए सट्टोरियों से बरामद हिसाब-किताब की जांच की जा रही है और आगे की जानकारी जुटाई जा रही है।

## डिप्टी रेंजर पर आदिवासी महिला से अश्लील हरकत का आरोप, भीड़ ने की पिटाई

शिवपुरी(आरएनएस)। खोड़ चौकी क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां डिप्टी रेंजर पर आदिवासी महिला से सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि आरोपी डिप्टी रेंजर शराब के नशे में धुत्त था और उसने महिला से अभद्र व्यवहार किया। घटना से आक्रोशित महिला ने चप्पलों से उसकी पिटाई कर दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने भी उसकी जमकर धुनाई की। वहां से डिप्टी रेंजर अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गया। मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित महिला और उसका पति खोड़ चौकी पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पुलिस चौकी पर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिप्टी रेंजर का यह कृत्य प्रशासन की छवि को धूमिल करता है, इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सहरिया क्रांति ने पुलिस से तत्काल मामला दर्ज करने की अपील की है।

## सागर में हवाई अड्डा स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री से किया अनुरोध

सागर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर में हवाई अड्डे की स्वीकृति हेतु विशेष प्रयास किये जाने का अनुरोध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से किया है। पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रेषित पत्र में लेख किया है कि आपके प्रयास से मध्यप्रदेश में अनेक स्थानों पर हवाई अड्डे स्वीकृत हुए, कुछ प्रारंभ हो गए और कुछ में कार्य चल रहा है। आपके प्रयास से प्रदेश में प्रमुख शहरों को हवाई यातायात से भी राज्य के द्वारा जोड़ा गया है। इससे प्रदेश के विकास में गति आयी है। जैसा की आप जानते हैं सागर संभागीय मुख्यालय है एवं बुन्देलखण्ड का भी मुख्यालय है, परंतु अभी तक सागर में हवाई अड्डा स्वीकृत नहीं हुआ है। जैसा की आप जानते हैं कि सागर सेना का बड़ा मुख्यालय, सागर का डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक है, सागर जिले में एक लाख करोड़ की बीना रिफायनरी का कार्य चल रहा है जिससे तेजी से औद्योगिक विकास होगा।

# मंत्री श्री सिंह सामाजिक सारोकार के विभिन्न कार्यों में हुए शामिल



जबलपुर (आरएनएस)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज गढ़ा निवासी अशोक मनोध्या के निवास पहुंचकर उनके 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर शुभकामनाएं दी। इसके बाद मंत्री श्री सिंह ने साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणी मां कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं भंडारा कार्यक्रम में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि माँ कर्मा देवी सदैव परोपकार को दृष्टि में रखकर कार्य किया। उनके कार्य सदैव आदर्श व प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर संस्कारधानी के सभी निवासियों को मां कर्मा देवी जयंती की शुभकामनाएं दी।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने आज मदन महल के पास नागपाल गार्डन स्थित कार्यालय में आमजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने लोगों के पास जाकर आवेदन लिए, जिसमें साफ- सफाई, पेंशन, पात्रता पर्ची, फीस माफ, टीसी प्रदाय करने तथा आर्थिक सहयोग प्रदान करने के आवेदन शामिल थे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। इस दौरान अभय सिंह, कौशल सूरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक व क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।

## पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण 25 से

मंडला (आरएनएस)। कलेक्टर के निर्देश अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के लिए जिले की सभी 2310 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दो सत्र 25 मार्च से 30 मार्च तक सभी 9 बाल विकास परियोजना मुख्यालय में आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी ने बताया कि भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान आंगनवाड़ियों के 0 से 6 साल तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनोपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। 21 मार्च को सभी पर्यवेक्षकों एवं परियोजना अधिकारियों को उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण के विषयों से अवगत कराया जा चुका है। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को सीखने-समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की संपूर्णता के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। इसी प्रकार अनोपचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल के साथ सरल तरीके से शाला पूर्व तैयारी सुनिश्चित कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। आधारशिला विषय के अंतर्गत 6 वर्ष तक के बच्चों में दिव्यांगता के आरंभिक चिन्हांकन के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण का प्रथम सत्र 25 से 27 मार्च तथा द्वितीय सत्र 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया जायेगा।

## मंत्री श्री सिंह ने किया 22 करोड़ की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

जबलपुर (आरएनएस)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। लगभग 11 करोड़ की लागत से बनने वाले बंदरिया तिराहा से महानद्दा फ्लाईओव्हर ब्रिज तक व्हाईट टॉपिंग कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर छोटी लाईन फाटक में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम पर उन्होंने कहा कि वे जबलपुर की जनता के ऋणी व अभारी हैं। जिन्होंने 20 वर्ष तक सांसद तथा इस बार विधानसभा में भेजने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब जबलपुर की जनता का ऋण उतारने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार से उन्हें लोक निर्माण विभाग का दायित्व मिला और जिस दिन से वे लोक निर्माण विभाग संभाले हैं उसी दिन से उनका ध्येये वाक्य लोक निर्माण से लोक कल्याण है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आजादी के बाद 57—58 सालों तक जबलपुर की उपेक्षा की गई, लेकिन अब उपेक्षा नहीं होगी। जबलपुर को बड़ा गांव से ऊपर उठाकर महानगर बनाने का काम किया गया। आज मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हर जिसकी लागत 11 हजार करोड़ है, जबलपुर में है, जो पूर्णता की ओर है, जिसका लोकार्पण अगले माह किया जा सकता है। 4 हजार 500 करोड़ की लागत से 117 किलोमीटर की रिंग रोड बन रही है, जिसमें दो लॉजिस्टिक पार्क व दो आईकॉनिक ब्रिज होंगे।

### इंदौर में ब्लॉक समन्वयक अधिकारी घूस लेते पकड़ाया

# स्कूल की मान्यता का समय बढ़ाने मांगे थे 20 हजार, 13 हजार लेते दबोचा




इंदौर (आरएनएस)। इंदौर के देपालपुर में मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस ने ब्लॉक समन्वयक अधिकारी को 13 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी ने स्कूल की मान्यता में समय बढ़ाने के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, इसमें से ब्लॉक समन्वयक अधिकारी माता प्रसाद गौड़ स्कूल संचालक से 5 हजार रुपए पहले ही ले चुका था।

**5 हजार रुपए पहले ले चुका है अधिकारी**

शिकायतकर्ता स्कूल संचालक ने लोकायुक्त पुलिस को बताया कि देपालपुर ब्लॉक समन्वयक अधिकारी माता प्रसाद गौड़ स्कूल की मान्यता का समय बढ़ाने के लिए परेशान कर रहा है। इस काम के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। पांच हजार रुपए उसे दे चुका हूं। काम करने के लिए बिलकुल तैयार नहीं है। लोकायुक्त पुलिस टीम ने 13 हजार रुपए लेते दबोचा इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने प्लानिंग कर मामले की सत्यता की जांच की तो उसमें ब्लॉक समन्वयक अधिकारी 18000 रुपए की मांग करता पाया गया। योजना के अनुसार कार्रवाई को अंजाम देते हुए मंगलवार को ब्लॉक समन्वयक अधिकारी को 13 हजार रुपए लेते रंगे हाथों ट्रैप किया गया।

**भ्रष्टाचार निवारण की धारा में केस**

फिलहाल, लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## बिजली का तार टूटने से गेहूं की फसल जलकर राख

शिवपुरी (आरएनएस)। जिले के पिछोर तहसील स्थित गरैठा गांव में मंगलवार को 33 केवी बिजली लाइन का तार टूटने से गेहूं के खेत में आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इस हादसे में करीब 17 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसान आनंद पाल ने बताया कि इस आगजनी से उन्हें लगभग 3 से 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।खेत के एक तरफ सड़क और दूसरी तरफ नाला था, जिससे आग आसपास के खेतों तक नहीं फैल सकी।

## व्यापार समाचार

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जर्मनी से निकल सकती है आगे, इस साल जापान को छोड़ेगी पीछे

नईदिल्ली, (ए.)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर दी है। आईएमएफ ने कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछले दशक में दोगुने से भी ज्यादा हो गई है। 2015 में जीडीपी 2.1 लाख करोड़ डॉलर थी, जो अब बढ़कर 2025 में अनुमानत: 4.3 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक, फिलहाल दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत जापान के करीब पहुंच रहा है। पिछले 10 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि जापान की जीडीपी स्थिर बनी हुई है।अगर भारतीय जीडीपी इसी रफ्तार से आगे बढ़ती रही तो वह 2027 की दूसरी तिमाही तक 4.9 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच जाएगी और जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आईएमएफ के मुताबिक, भारत की जीडीपी वर्तमान में 4.3 लाख करोड़ डॉलर है। 2015 में यह



2.1 लाख करोड़ डॉलर थी। भारतीय जीडीपी ने पिछले एक दशक में दोगुना से भी ज्यादा वृद्धि की है।इस दौरान भारतीय जीडीपी ने चीन, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों को पीछे छोड़ दिया है। इसी अवधि में चीन की जीडीपी 76 प्रतिशत, अमेरिका की 66 प्रतिशत, जर्मनी की 44 प्रतिशत, फ्रांस की 38 प्रतिशत और ब्रिटेन की 28 प्रतिशत बढ़ी है।

भारतीय जीडीपी को 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में 60 साल लगे थे। 2007 में भारतीय जीडीपी ने ये आंकड़ा छुआ था।

इसके बाद 1 लाख करोड़ से 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में 7 साल (2014) और 2 से 3 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में भी 7 साल (2021) लगे।

कोरोना के बाद केवल 4 सालों में ही भारतीय अर्थव्यवस्था ने 3 लाख करोड़ डॉलर से 4 लाख करोड़ डॉलर तक का सफर तय कर लिया।

जानकारों का मानना है कि भारत मौजूदा गति से हर डेढ़ साल में अपनी जीडीपी में 1 लाख करोड़ डॉलर जोड़ सकता है।अगर यह गति जारी रही तो देश 2032 तक 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।

बीते 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने जी-7, जी-20 और ब्रिक्स के सभी देशों को पीछे छोड़ दिया है।

अमेरिका 30.3 लाख करोड़ डॉलर के साथ पहले और चीन 19.5 लाख करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है।

जीडीपी किसी भी देश में एक निश्चित समयसीमा के भीतर उत्पादित की गई वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक या बाजार मूल्य है।

## सैमसंग से सरकार ने मांगे 5154 करोड़ रुपए

**- सैमसंग पर टैरिफ से बचने कलपुर्जों के आयात में की हेराफेरी का आरोप**

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने सैमसंग व उसके अधिकारियों से 60.1 करोड़ डॉलर (करीब 5,154 करोड़ रुपये) मांगे हैं। सैमसंग पर आरोप है कि उसने देश में प्रमुख दूरसंचार उपकरणों के आयात पर टैरिफ से बचने के लिए हेराफेरी की थी। यह मांग भारत में सैमसंग के पिछले साल के 95.5 करोड़ डॉलर के मुनाफे का बड़ा हिस्सा है। कंपनी नेटवर्क विभाग के जरिये दूरसंचार उपकरणों का आयात करती है। कंपनी को मोबाइल टावरों में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन कलपुर्जे पर 10 या 20 फीसदी के टैरिफ से बचने के लिए आयात को गलत तरीके से वर्गीकृत करने पर 2023 में चेतावनी दी गई थी। सैमसंग ने कलपुर्जों का आयात कर जियो को बेचा।

## बिकवाली बढ़ने से मारुति सुजुकी के शेयर में आई गिरावट

नईदिल्ली (आरएनएस)। कार निर्माता मारुति सुजुकी के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार में बिकवाली बढ़ने से गिरावट दर्ज हुई। यह कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए उसे वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2,966 करोड़ रुपये का आयकर आकलन का मसौदा प्राप्त होने की जानकारी के बाद हुआ है।




इसको लेकर प्रबंधन ने कहा कि उसे इसके कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं दिखता है और वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष आपत्ति दर्ज कराने की योजना बना रही है।

भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कहा कि उसे आयकर प्राधिकरण से वित्त वर्ष 2021-22 के लिए मसौदा मूल्यांकन आदेश प्राप्त हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। शेयर बाजार खुलने के बाद शुरुआती कारोबार में शेयर की कीमत में 2 फीसदी की गिरावट आई और 11,848.95 रुपये पर खुलने के बाद सुबह 10:00 बजे यह 11,750.95 रुपये के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।

एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है, मसौदा मूल्यांकन आदेश में लौटाई गई आय (आयकर रिटर्न में बताई गई आय) के संबंध में 2,966 करोड़ रुपये की राशि के कुछ अतिरिक्त/अस्वीकृति का प्रस्ताव किया गया है।कंपनी ने कहा कि वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराएगी।साथ ही स्पष्ट किया है कि इस मसौदा मूल्यांकन आदेश के कारण उसकी वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नईदिल्ली(आरएनएस)। वित्तीय सेवा प्रदाता अमेरिकी टेक कंपनी ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह छंटनी उसके स्टॉफ का लगभग 8 फीसदी हिस्सा है। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक डॉर्सी ने एक ईमेल में कर्मचारियों को यह जानकारी दी है। डॉर्सी ने कर्मचारियों को बताया कि मंगलवार को ब्लॉक कुछ संगठनात्मक बदलाव करेगा, जिसमें भूमिकाओं को समाप्त करना और उन देशों में परामर्श प्रक्रिया शुरू करना शामिल है, जहां इसकी आवश्यकता है।

सूत्रों के अनुसार, ईमेल में डॉर्सी ने बताया कि ब्लॉक 3 श्रेणियों में भूमिकाओं में कटौती कर रहा है। पहली श्रेणी में 391 लोगों को रणनीति कारणों से हटाया जा रहा है। दूसरी और सबसे बड़ी श्रेणी में 460 कर्मचारियों को प्रदर्शन कारणों से हटाया है। इनकी रेटिंग कंपनी के आंतरिक प्रदर्शन ट्रैकिंग मेट्रिक्स पर नीचे है।तीसरी श्रेणी में 80 प्रबंधक हैं, जिन्हें ब्लॉक के पदानुक्रम को बराबर करने के लिए हटाया है।सूत्रों के अनुसार, डोर्सी ने यह भी कहा कि 193 प्रबंधकों को व्यक्तिगत योगदानकर्ता भूमिकाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है। ईमेल में इस बात से इनकार किया गया है कि छंटनी वित्तीय कारणों से या कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लाने के लिए की जा रही है।

## भारतीय एयरलाइन गर्मियों के सीजन में प्रति सप्ताह 25,610 फ्लाइट्स ऑपरेट करेंगी

नई दिल्ली (ए.)। भारत की कमर्शियल एयरलाइन आने वाले गर्मियों के सीजन में 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी। इसमें पिछले साल के मुकाबले 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह जानकारी दी।गर्मियों का सीजन 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक होगा। इस सीजन में फ्लाइट्स की संख्या सर्दियों के सीजन के मुकाबले 2.5 प्रतिशत अधिक है।देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रति सप्ताह 467 अतिरिक्त फ्लाइट्स संचालित करेगी, जो कि सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। डीजीसीए के बयान के अनुसार, इंडिगो सबसे अधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स संचालित करेगी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी एयरलाइन प्रति सप्ताह 14,158 प्रस्थान करेगी। इसके बाद एयर इंडिया (4,310) और एयर इंडिया एक्सप्रेस (3,375) का स्थान है।स्पाइसजेट के स्लॉट्स में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है और प्रस्थान की संख्या पिछले साल के 1,657 के मुकाबले इस साल 1,240 रह गई है।डीजीसीए ने यह भी बताया कि एलायंस एयर और फ्लाईबिग जैसी क्षेत्रीय एयरलाइनों की उड़ानों की संख्या में क्रमश: 41.96 प्रतिशत और 30.98 प्रतिशत की कमी आई है। नए शेड्यूल के मुताबिक, 129 हवाई अड्डों में से अंबिकापुर, दतिया, बीदर, पोरबंदर, पकयांग, रीवा और सोलापुर एयरलाइनों द्वारा प्रस्तावित नए हवाई अड्डे हैं, जबकि आजमगढ़ और रूपसी हवाई अड्डों से परिचालन 2025 में निलंबित कर दिया गया है नवी मुंबई हवाई अड्डे और नोएडा हवाई अड्डे को इस शेड्यूल में शामिल नहीं किया गया है।



# अब UPI और ATM से भी निकाल सकेंगे PF का पैसा

नई दिल्ली (ए)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे। इस अपडेट के साथ कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपये तक निकाल सकेंगे।उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। इससे कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंच आसान हो जाएगी। वर्तमान में, पीएफ फंड निकालने के लिए




ऑनलाइन क्लेम जमा करने और अप्रूवल की प्रतीक्षा करने की जरूरत होती है, जिसमें कई दिन या सप्ताह भी लग सकते हैं। हालांकि, यूपीआई इंटीग्रेशन के साथ, निकासी तत्काल और परेशानी मुक्त हो जाएगी। कर्मचारी न केवल जल्दी से धन निकालने में सक्षम होंगे, बल्कि अपने शेष राशि की जांच भी कर सकेंगे और तुरंत लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है। चिकित्सा आपात स्थितियों के अलावा, कर्मचारी अब आवास, शिक्षा और विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे। डावरा ने कहा, ?ईपीएफओ ने 120 से अधिक डेटाबेस को इंटीग्रेट कर अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया है। इन प्रयासों ने क्लेम प्रोसेसिंग समय को केवल तीन दिनों तक कम कर दिया है, अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटोमेटिकली प्रोसेस हो रहे हैं। सिस्टम को अधिक कुशल बनाने के लिए आगे के अपग्रेड पर काम चल रहा है। पेंशनभोगियों को भी ईपीएफओ ??की डिजिटल पहलों से लाभ हुआ है। दिसंबर 2024 से करीब 78 लाख पेंशनभोगी बिना किसी प्रतिबंध के किसी भी बैंक शाखा से अपने फंड का उपयोग करने में सक्षम हो गए हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## खालिस्तानी गतिविधियों पर अंकुश लगाएं

यह संयोग मात्र है कि भारत ने न्यूजीलैंड और अमेरिका, दोनों से साफ तौर पर कहा कि वे अपने देश में भारत विरोधी विशेषकर खालिस्तानी आतंकी समूहों पर लगाम लगाएं।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात के बाद उनके देश में चलाए जा रही भारत विरोधी गतिविधियों से अवगत कराया।


दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ बातचीत के दौरान अमेरिका में सक्रिया खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। लोगों को याद होगा कि इन दिनें अमेरिका में हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमले हुए हैं जिनमें एसएफजे का हाथ बताया जा रहा है।

रक्षा मंत्री ने हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की और एसएफजे को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। अभी पिछले सप्ताह पंजाब के अमृतसर में ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। पंजाब में नवम्बर, 2023 से अब तक यह 13वीं आतंकी घटना है।

कुछ शरारती तत्व यहां अलगाववाद और उग्रवाद को फिर से जीवित करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जाहिर है कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक ताना-बाना को खतरा पैदा हो सकता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विदेशी ताकतें इन उग्रवादी समूहों को लॉजिस्टिक मदद मुहैया कराती हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में सिख फॉर जस्टिस काफी सक्रिय है।

पंजाब में हाल के दिनों में जो आतंकी घटनाएं हुई हैं, उनकी जांच के बाद जो तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि इनका संबंधी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स और बब्बर खालसा से है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तुलसी गबार्ड को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा के साथ सिख फॉर जस्टिस के कनेक्शन की भी जानकारी दी। सबसे अच्छी बात यह है कि पंजाब की छुट-पुट आतंकी घटनाअें को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और गंभीरता से लिया।



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में संसद भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की.

# कला के मंच भी करते हैं दुनिया को सचेत

**ऋतुपर्ण दवे/**

आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच कला के महत्व की जागरूकता बढ़ा जश्न मनाने का दिन है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द थिएट्रॉन से लिया गया है जिसका अर्थ है देखने की जगह। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। हमारे रंगमंचीय इतिहास बहुत पुराना है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व, के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है।वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को, विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब, यह दिन विश्व के 90 से अधिक केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियाँ, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं। संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम रंगमंच और शांति की संस्कृति है।




जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युध्द की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है।

जैसा कि साफ है रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति,अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान, पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते है। यह न तो रिकॉर्डेड होता है न ही बार-बार के रिटेक जैसी सुधार की संभावनाएं होती है। वास्तव में जीवंत प्रदर्शन बड़ी चुनौती सरीखे होती है जिसे कलाकार साक्षात प्रस्तुत कर उसमें जीते हुए दिखते हैं। जो बहुत ही आनन्दित करता है। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है।

अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है ।ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व, और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। समय के साथ-साथ इसमें काफी बदलाव भी आया है। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं।

रंगमंच कला भी कई रूप ले चुकी है। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना। विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है।

वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है।

# विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना

अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा हैजिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते वविश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है औरहम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

वैश्वीकरण का विखंडन

जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा कियाऔर इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस्?तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

प्रौद्योगिकी: वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदान

प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में, सेमीकंडेक?टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआईमें देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआईद्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआईद्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआईको दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए।

वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तन

स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं। आज, लगभग 70-80प्रतिशतदुर्लभ मृदा तत्वों(आरईई) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशतसौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किए जाते हैंऔर इसी तरह लगभग 70 प्रतिशतइलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं। चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है, ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशतहिस्सा खर्च कर चुके हैंऔर जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं। इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नए रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइज़र और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासन

ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है।




मेष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज मिलेगा। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखने से ही कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको किसी से भी उलझने से बचना चाहिए, ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी।

कर्क राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज आप नये प्लान पर काम कर सकते हैं, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सफल होंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। आज बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको फायदा हो सकता है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होंगे। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ रिश्ते में मजबूती आएगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा, किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से वो आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा।

धनु राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में बिजी रहेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है, उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

# सीबीआई छापेमारी : छत्तीसगढ़ में राजनीतिक संघर्ष की नई गाथा

**- सत्यप्रकाश दुबे**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके सहयोगियों के घरों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (ष्टक्चढ्ढ) की छापेमारी ने प्रदेश में एक बार फिर सियासी हलचल मचा दी है। यह कार्रवाई महादेव सट्टा एप मामले से जुड़ी हुई बताई जा रही है, जिसमें भूपेश बघेल, उनके परिवार, और कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आरोप लगे हैं। इस छापेमारी को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है, और प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमाई हुई है। महादेव सट्टा एप घोटाला एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारी मात्रा में नकद लेन-देन हुआ था। इसके अंतर्गत कुछ पुलिस अधिकारियों और नेताओं पर आरोप हैं कि उन्होंने हर महीने लाखों रुपये के बदले इस घोटाले को संचालित किया। इस मामले में भूपेश बघेल, उनके बेटे चैतन्य बघेल, भिलाई के कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव, और कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम आए हैं। सीबीआई की इस कार्रवाई के पीछे यही आरोप हैं, जिनकी जांच जारी है। यह कार्रवाई पहले प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा की गई शराब घोटाले की जांच से जुड़ी हुई है, जिसमें भूपेश बघेल और उनके बेटे के खिलाफ आरोप लगे थे। इसी क्रम में अब सीबीआई ने भूपेश बघेल सहित कई अन्य नेताओं और अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की है, जो महादेव सट्टा एप घोटाले से जुड़े हुए थे। सीबीआई की छापेमारी के बाद छत्तीसगढ़ के राजनीतिक माहौल में हलचल मच गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों पक्ष एक-दूसरे पर कड़ी टिप्पणियां कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भाजपा ने सीबीआई को भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के पीछे लगा दिया है, लेकिन यह सब सत्ता की हताशा के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कभी नहीं झुकेगी और न रुकेगी। कांग्रेस के इस बयान से साफ है कि वे सीबीआई की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश मानते हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी इसे लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बताया और आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही



है। उनका कहना था कि भाजपा हर नाकाम कोशिश के बाद अब सीबीआई को इस कार्रवाई में लगा रही है, जो पूरी तरह से सत्ता के अन्याय का हिस्सा है। उन्होंने भी कांग्रेस के नेताओं को विश्वास दिलाया कि सत्य और न्याय की जीत होगी। कांग्रेस नेता अमरजीत भगत ने भी भाजपा को एक कड़ा संदेश दिया और कहा कि ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरों को शीतल करे आपहू शीतल हो के जरिए भाजपा को समझाया कि काम ऐसा करना चाहिए जिससे समाज में अच्छा संदेश जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भूपेश बघेल को हमेशा केंद्रीय एजेंसियों द्वारा निशाना बनाया जाता रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इससे डरने वाली नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीबीआई की जांच में कांग्रेस नेताओं को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां भ्रष्टाचार की जांच कर रही हैं तो यह कोई दुर्भावना नहीं हो सकती, बल्कि यह न्याय का हिस्सा है। उनका मानना था कि राजनीति से प्रेरित आरोपों की बजाय सभी को जांच में सहयोग करना चाहिए और प्रक्रिया को सही तरीके से पूरा होने देना चाहिए। उनका कहना था कि कोई भी कार्रवाई चुनाव से पहले या बाद हो सकती है, लेकिन सबको न्याय के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। सीबीआई की टीम ने भिलाई-3 स्थित भूपेश बघेल के आवास, भिलाई सेक्टर-9 में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश दी। इनमें पुलिस अधिकारी डॉ. आनंद छाबड़ा, पूर्व एसपी दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव, और पूर्व एएसपी दुर्ग संजय ध्रुव शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव और वरिष्ठ पत्रकार विनोद वर्मा के घरों पर भी जांच की जा रही है। रायपुर में पुलिस अधिकारियों शेख आरिफ और अभिषेक महेश्वरी के घर भी सीबीआई की टीम ने दबिश दी। इन सभी अधिकारियों और नेताओं के नाम महादेव सट्टा एप घोटाले से जुड़े मामलों में पहले ही सामने आ चुके थे, और इन पर आरोप है कि वे इस घोटाले में शामिल थे। भूपेश बघेल ने सीबीआई की छापेमारी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब सीबीआई आई है। उन्होंने बताया कि वह अहमदाबाद में 8-9 अप्रैल को होने वाली AICC की बैठक के लिए दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही सीबीआई ने उनके रायपुर और भिलाई स्थित निवास पर छापा मारा। इस बयान से यह साफ हो जाता है कि भूपेश बघेल इस कार्रवाई को एक राजनीतिक साजिश मानते हैं और इसे चुनावी मुद्दों से पहले उठाया गया कदम मानते हैं। इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ 2,161 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले की जांच की थी। 10 मार्च को श्वष्ट ने भूपेश बघेल के घर पर छापेमारी करते हुए 33 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। उस समय कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया था और बघेल के घर के बाहर जमकर नारेबाजी की थी। यह विरोध आज भी जारी है, और बघेल के निवास के बाहर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित किया जा सके। सीबीआई की छापेमारी ने छत्तीसगढ़ की राजनीति को एक नया मोड़ दिया है। जहां एक ओर कांग्रेस इसे सत्ता के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध की साजिश मानती है, वहीं भाजपा इसे भ्रष्टाचार की जांच और न्याय के पक्ष में उठाया गया कदम बता रही है। प्रदेश की राजनीति में इस छापेमारी का जो असर पड़ रहा है, उससे साफ है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता की जंग और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी रहेंगे । सीबीआई की जांच का नतीजा चाहे जो भी हो, लेकिन इसने प्रदेश की राजनीति को एक बार फिर से गरमा दिया है और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

# पारा चढ़ने के साथ अब आसमान से बरसेगी आग, कई जगह हीटवेव का अलर्ट

नईदिल्ली,(आरएनएस)। अप्रैल की शुरुआत से पहले देश के कई राज्यों में पारा चढ़ने लगा है, जिससे आने वाले दिनों में प्रचंड़ गर्मी पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।ज्यादातर हिस्सों में तापमान में 5 डिग्री की वृद्धि होने के आसार जताए जा रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने हीटवेव के अलर्ट भी जारी किया है। दूसरी तरफ आज (26 मार्च) जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा और कर्नाटक के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में भयंकर गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और झांसी में अधिकतम तापमान 36 डिग्री के पार चला गया है।आने वाले 3-4 दिनों में इसमें 4-5 डिग्री का इजाफा होने का अनुमान है। इस महीने के अंत तक ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में आज मौसम साफ रहेगा और इसके बाद 27-29 मार्च तक 20-30 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।राजस्थान में धरती अभी से आग उगलने लगी है। ज्यादा असर पश्चिमी इलाकों में देखने को मिल रहा है। बाड़मेर, जोधपुर, जालौर और इनके आस-पास के जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है।



आईएमडी ने अगले 24 घंटे में पश्चिमी राजस्थान में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 26-27 मार्च को जोधपुर और बीकानेर संभागों में 20-30 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने और बादल छाने के आसार हैं।दिल्ली में भी गर्मी लोगों को झुलसाने लगी है। मंगलवार (25 मार्च) इस मौसम का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री के आस-पास रहने का अनुमान जताया है।यहां 26-28 मार्च को तेज हवाएं चलने की संभावना है। 29 से 30 मार्च तक बादल छाने से गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

### भरथना प्लाजा देश का सबसे कमाऊ प्लाजा, सरकार ने टॉप-10 का बताया नाम

नई दिल्ली(ए)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 20 मार्च को लोकसभा में दी जानकारी के मुताबिक गुजरात के एनएच-48 के वडोदरा-भरूच हिस्से पर लगा भरथना प्लाजा देश का सबसे कमाऊ प्लाजा है। इसने पिछले पांच सालों में 2 हजार करोड़ से ज्यादा का टैक्स वसूला है। इसमें सबसे ज्यादा टोल कलेक्शन वित्तीय वर्ष 23-24 में हुआ, जब प्लाजा ने 472.65 करोड़ रुपए वसूले। दूसरे नंबर पर राजस्थान में शाहजहांपुर टोल प्लाजा है, जो दिल्ली को मुंबई से जोड़ने वाले एनएच-48 के गुड़गांव कोटपुतली-जयपुर खंड पर स्थित है। जारी किए गए डाटा के अनुसार पिछले पांच सालों में इस टोल प्लाजा पर 1884.46 करोड़ रुपए का टैक्स एकत्र किया गया है। इसके अलावा देश के सबसे कमाऊ टोल प्लाजा की लिस्ट में पश्चिम बंगाल के एनएच 16 के धनकुनी खड़गपुर खंड पर स्थित जलाधुलागोरी प्लाजा तीसरे नंबर पर आता है।

## मुंबई हवाई अड्डे के अंदर शौचालय के कूड़ेदान में मिला नवजात का शव, जांच शुरू

मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक नवजात का शव मिला है।नवजात का शव मंगलवार 25 मार्च को रात करीब 10:30 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 में बने शौचालय के अंदर कूड़ेदान में मिला है।इसकी सूचना तुरंत हवाई अड्डा सुरक्षा दल और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी गई। पुलिस ने शिशु को कूपर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस का कहना है कि बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है। हवाई अड्डे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।अभी तक बच्चे के लिंग की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि नवजात शिशु को किसने कूड़ेदान में छोड़ा है, उसकी तलाश की जा रही है।मामला सामने आने के बाद हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। पुलिस की जांच जारी है।उच्च सुरक्षा वाले टर्मिनल- 2 में इस तरह के वाकये से सुरक्षा अधिकारी हैरत में हैं। इससे पहले भी यहां एक दुर्घटना हो चुकी है। यहां मर्सिडीज-बेंज टूरिस्ट वाहन की टक्कर से 2 विदेशी नागरिक समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बताया जा रहा है कि वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिससे वाहन हवाई अड्डे पर रैंप से टकरा गया था।पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया था।

## शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर कॉमेडियन कामरा के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

नासिक,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ती जा रही है. नासिक के मनमाड थाने में उसके खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है. कुणाल कामरा ने एक गाने के जरिए शिवसेना नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

मनमाड शहर पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का मामला दर्ज किया गया है. इस संबंध में शिवसेना शहर प्रमुख मयूर बोरसे ने विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है. मयूर बोरसे ने नांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुहास कांडे की ओर से यह शिकायत दर्ज कराई है.यह शिकायत नांदगांव और मनमाड शहर दोनों में दर्ज की गई है. सुहास कांदे को डीसीएम एकनाथ शिंदे का करीबी माना जाता है. कुणाल कामरा ने एक गाने के जरिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की. इसके चलते पूरे राज्य में बड़ा हंगामा हुआ. इस गाने का वीडियो वायरल होने के बाद एकनाथ शिंदे के शिवसैनिकों ने कुणाल कामरा के स्टूडियो में तोड़फोड़ की.उसके बाद कुणाल कामरा ने एक और वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया।

## 26 लाख की 9 महिला ईनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब जवानों ने तेजी लाई है। जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों के मांद में घुसकर उनका खात्मा कर रहे हैं। जवानों द्वारा की जा रही कार्रवाई से नक्सलियों में डर का माहौल पैदा हो गया है। नक्सली अब मुख्य धरा में लौट रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर से सुकमा में 9 इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 26 लाख के 9 इनामी नक्सलियों ने SP और CRPF अधिकारियों के सामने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 6 महिला नक्सली भी शामिल है। इतना ही नहीं नक्सली बटालियन में शामिल 1 सक्रीय नक्सली ने भी सरेंडर किया है। बताया जा रहा है कि, सरेंडर करने वाले नक्सली कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर करने से लोगों ने भी राहत की सांस ली है।

## अयोध्या राममंदिर में रामलला का रोज होगा सूर्य तिलक, 6 अप्रैल से शुरुआत

अयोध्या,(ए)। इस वर्ष रामनवमी (6 अप्रैल) से अयोध्या में रामलला का रोज सूर्य तिलक होगा। हर दिन करीब 4 मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर पड़ेंगी। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि यह व्यवस्था अगले 20 साल तक जारी रहेगी।राम मंदिर में पहली बार 17 अप्रैल 2023 को रामनवमी के दिन सूर्य तिलक किया गया था। अब इसे रोजाना करने का निर्णय लिया गया है। इस बीच, राम मंदिर का शिखर लगभग तैयार है और राम दरबार की स्थापना 15 मई तक पूरी हो जाएगी। आईआईटी रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इसके लिए ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। सूर्य की किरणें गर्भगृह तक पहुंचाने के लिए अष्टधातु के 20 पाइप और 65 फीट लंबा सिस्टम लगाया गया है। किरणों को सही दिशा में लाने के लिए 4 लेंस और 4 मिरर का इस्तेमाल किया जाएगा। हर दिन करीब 4 मिनट तक किरणें रामलला के मस्तक को प्रकाशित करेंगी। मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, इस अनोखी व्यवस्था से श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव मिलेगा। रामलला के भव्य मंदिर में यह अनूठी वैज्ञानिक तकनीक आस्था और विज्ञान का संगम दर्शाएगी।



## अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु कर लें तैयारी, 14 अप्रैल से शुरु होगी प्री-पंजीकरण

नईदिल्ली,(आरएनएस)। अमरनाथ यात्रा की तैयारी कर रहे श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। इस साल की धार्मिक यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 14 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं।



पवित्र गुफा का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने बताया कि यात्रा परमिट का पंजीकरण और जारीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। यात्रा के लिए 13 वर्ष से कम, 75 वर्ष से अधिक आयु और 6 सप्ताह से अधिक की गर्भवती महिला का पंजीकरण नहीं होगा।श्राइन बोर्ड के मुताबिक, इस साल दक्षिण कश्मीर में श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा के लिए वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई, 2025 को पहलगाम और बालटाल से एक साथ शुरू होगी।कुल 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा 9 अगस्त, 2025 को समाप्त होगी। पंजीकरण अधिकारी बालटाल मार्ग के लिए बालटाल तथा पहलगाम मार्ग के लिए पहलगाम अंकित यात्रा परमिट जारी करेंगे।प्रत्येक श्रद्धालु का पंजीयन शुल्क 150 रुपये है। यात्रा से पहले रेडियो फ्रिक्वेंसी आईडी कार्ड लेना जरूरी होगा।बोर्ड और सरकार की ओर से यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था होगी और दोनों मार्गों पर सामुदायिक लंगर चलाया जाएगा।दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा की यात्रा के दौरान सुरक्षा की व्यवस्था जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना संभालेगी।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति ही निकला हत्यारा

कटघोरा-रायपुर,(ए)। कटघोरा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास दिनांक 24 मार्च 2025 को सुबह एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना मिली। सूचना पर कटघोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महज कुछ घंटों की गहन छानबीन के बाद पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझा ली। जांच में सामने आया कि महिला की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पति ने ही की थीजिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमान नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी श्री मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम, डॉग स्कायड, फोरेंसिक व साइबर सेल की सहायता से जांच शुरू की गई। मृतका लता नेताम किराए के मकान में अकेली रहती थी और मजदूरी करके अपना जीवनयापन कर रही थी।

## एकनाथ शिंदे को गद्दार कहने पर कुणाल कामरा को मिली मारने की 500 से अधिक धमकियां

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर मजाक बनाने और उनको गद्दार कहने पर कॉमेडियन कुणाल कामरा को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

कामरा को अभी तक 500 से अधिक धमकियों भरी कॉल और मोबाइल संदेश मिल चुके हैं। कॉल करने वालों ने उनको जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी हैं।

धमकियों के बीच खार पुलिस ने कामरा को नोटिस जारी किया है। कामरा मुंबई से बाहर हैं, उन्होंने 7 दिन का समय मांगा है।

कामरा को धमकी देने वालों में सिर्फ शिवसेना कार्यकर्ता या अन्य लोग नहीं, बल्कि महाराष्ट्र कैबिनेट में शामिल शिवसेना गुट से मंत्री भी शामिल हैं।

पिछले दिनों राज्य परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शिवसैनिकों द्वारा मुंबई हैबिटेट स्टूडियों में की गई तोड़फोड़ का समर्थन किया था और कहा था कि गलत बोलने पर शिवसैनिक माफ नहीं करेंगे।

मंगलवार को जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव रघुनाथ पाटिल ने भी अपने तरीके से सबक सिखाने की बात कही और कहा शिवसैनिक नहीं छोड़ेंगे।



कामरा ने हाल में मुंबई में स्थित द यूनिकॉन्टिनेंटल होटल के अंदर बने मुंबई हैबिटेट स्टूडियो में नया भारत नाम का कार्यक्रम किया था, जिसमें उन्होंने शिंदे का नाम लिए बगैर उन्हें गद्दार बताया।इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने होटल और स्टूडियो में तोड़फोड़ की। पुलिस ने कामरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और तोड़फोड़ मामले में 20 शिवसैनिकों को हिरासत में लिया।मुंबई हैबिटेट ने स्टूडियो बंद कर दिया है। कामरा ने माफी मांगने से इंकार किया है।

## वजीराबाद में 9वीं के छात्र की बेरहमी से हत्या, पिता के पास आया था 10 लाख की फिरौती का कॉल

नई दिल्ली(आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा. वजीराबाद थाना इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां मिलन विहार में एक नाबालिग की बेरहमी से हत्या कर दी गई. आरोप मृतक के दोस्तों पर लगा है. जानकारी के मुताबिक आरोपी युवकों ने पहले मृतक को कॉल कर मिलने बुलाया फिर उसके पिता को कॉल कर 10 लाख रुपये फिरौती मांगी गई. जिसके बाद 14 साल के नाबालिग का शव खून से लथपथ हालत में मिला।

दरअसल मृतक अपने परिवार के साथ मिलन विहार इलाके में रहता था. उनके पिता कैब चलाते हैं, मृतक परिवार का इकलौता बच्चा था. रविवार को नाबालिग घर पर ही था, जब उसके कुछ दोस्तों का फोन आया और उसे घर के बाहर यमुना पुश्ते पर बुलाया. जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उसकी तलाश करनी शुरू कर दी और पुलिस को भी सूचना दी।

पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की. इस बीच पिता के मोबाइल पर फोन आया और महज कुछ सेकंड की बातचीत में ही मृतक के पिता से अपहरणकर्ताओं ने 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी और फिरौती की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी. पिता ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर विचार को दी सहमति

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई. कथित तौर पर नकदी की यह बरामदगी जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च की रात करीब 11.35 बजे आग लगने के बाद हुई थी।

अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष यह मामला उठाया. नेदुम्परा ने पीठ से मामले की तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया. पीठ ने वकील से कहा कि उनकी याचिका पर विचार किया जाएगा. याचिकाकर्ता ने मामले में वीडियो समेत सभी दस्तावेज सार्वजनिक करने के लिए सीजेआई की सराहना की. याचिकाकर्ता ने कहा कि जज के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए.पीठ ने



वकील से कहा कि वह कोई सार्वजनिक बयान न दें, साथ ही उसे आश्वासन दिया कि उसे सुनवाई की तारीख मिल जाएगी. अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा और तीन अन्य द्वारा 23 मार्च को दायर याचिका में के. वीरास्वामी मामले में 1991 के फैसले को भी चुनौती दी गई है, जिसमें शीर्ष अदालत ने फैसला दिया था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना उच्च न्यायालय या शीर्ष अदालत के किसी न्यायाधीश के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती.याचिका में कहा गया कि न्यायाधीशों को दी गई छूट कानून के समक्ष समानता के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन है तथा इससे न्यायिक जवाबदेही और कानून के शासन के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं. याचिका में कहा गया है, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से अग्निशमन दल/पुलिस द्वारा भारी मात्रा में धनराशि बरामद करने की घटना, जब उनकी सेवाएं आग बुझाने के लिए ली गई थीं, भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध है और पुलिस का यह कर्तव्य है कि वह एफआईआर दर्ज करे।

याचिका में कहा गया है कि कानून के समक्ष समानता और कानून का समान संरक्षण हमारे संविधान का मूल है. तथा कानून के समक्ष सभी समान हैं तथा आपराधिक कानून सभी पर समान रूप से लागू होते हैं।




नई दिल्ली में संसद परिसर में लीवर स्वास्थ्य जांच शिविर के उद्घाटन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा देखते हुए।

# बीएलओ को मजबूत करने के लिए चुनाव आयोग ने पहली बार की यह पहल

### -मतदाता सूची में होगा सुधार

नई दिल्ली(आरएनएस)। चुनाव आयोग ने पहली बार बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण देने का कदम उठाया है. बुधवार को दिल्ली में बूथ स्तर के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शुरू किया गया. इसके तहत विभिन्न बैच में देश भर के एक लाख से अधिक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी और जमीनी स्तर के चुनाव कार्यकर्ताओं को जरूरी कौशल से प्रशिक्षित किया जाएगा. पहले बैच में बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के बीएलओ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

बीएलओ 100 करोड़ मतदाताओं और आयोग के बीच पहला और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं. चुनाव आयोग के मुताबिक, प्रशिक्षण के बाद ये बीएलओ विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर बनेंगे.




इसका उद्देश्य बीएलओ के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क को मजबूत करना है. आयोग ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में हर 10 मतदान केंद्रों पर एक बीएलओ को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा. ये बीएलओ देश भर में बीएलओ नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विधानसभा के बूथ अधिकारियों को ट्रेनिंग देंगे।

आयोग ने कहा कि यह कार्यक्रम चरणों में जारी रहेगा और चुनाव वाले राज्यों पर पहले ध्यान केंद्रित किया जाएगा. वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं. साथ ही बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और 13 जिला चुनाव अधिकारी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं.

चुनाव आयोग ने यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बीएलओ को चुनावी कानून के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराने के साथ-साथ मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के लिए प्रासंगिक फॉर्म भरने की आवश्यकताओं से उन्हें लैस करने के लिए बनाया है. इसमें बीएलओ को उनके काम में सहायता करने के लिए आईटी तकनीक से भी प्रशिक्षित किया जाएगा.बीएलओ राज्य सरकार के अधिकारी होते हैं. जिला चुनाव अधिकारियों की मंजूरी के बाद निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा उनकी नियुक्ति की जाती है. मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची को बिना त्रुटि के अपडेट करने में ईआरओ और बीएलओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकारों को एसडीएम स्तर या समकक्ष अधिकारियों को ईआरओ के रूप में नामित करना चाहिए, जो फिर बीएलओ की नियुक्ति करेंगे।

# स्कूली बच्चों को लाने-लेजाने का काम नहीं कर सकेंगे ऑटो-टोटो

## बिहार सरकार ने बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए लिया बड़ा फैसला

पटना,(ए)। बिहार में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य में स्कूली बच्चों को ऑटो और टोटो स्कूल लाने-लेजाने का काम नहीं कर सकेंगे। सरकार ने इन वाहनों को असुरक्षित माना है और 1 अप्रैल 2025 से इनके संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।सरकार का मानना है कि ऑटो और टोटो में बच्चों की सुरक्षा के पर्याप्त उपाय नहीं होते हैं। क्षमता से अधिक बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बैठाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इनके चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं।यातायात पुलिस निरीक्षक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, कि बिहार सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के परिवहन हेतु ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा के संचालन को 1 अप्रैल 2025 से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस संबंध में परिवहन विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-06/विविध (ई-रिक्शा)-07/2015-परिवहन निर्गत की गई है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि ई-रिक्शा/ई-कार्ट का उपयोग स्कूली बच्चों के परिवहन में नहीं किया जाएगा।



बिहार की राजधानी पटना में इस फैसले का बड़ा प्रभाव देखने को मिल सकता है। दरअसल शहर में लगभग 4000 ऑटो और टोटो स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने के लिए उपयोग किए जाते हैं।इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस फैसले के बाद अभिभावकों और स्कूल प्रशासन ने जहां एक ओर चिंता जाहिर की वहीं सरकार से वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था करने की मांग भी की है। अभिभावकों ने सरकार से वैकल्पिक वाहन व्यवस्था करने को कहा है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से स्कूल भेजा जा सके।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने शेयर किया हॉट लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने येलो कलर का बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये स्टनिंग अवतरा देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटा पाना मुश्किल हो गया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच सेक्सी। तीसरे यूजर ने लिखा है- उफ्फ यू अदाएं। अन्य यूजर ने लिखा है- यू लुक सेक्सी।


# सलमान खान की सिकंदर की एडवांस बुकिंग हो गई शुरू, सामने आया नया प्रोमो वीडियो



सलमान खान स्टारर सिकंदर के शानदार ट्रेलर रिलीज के बाद साजिद नाडियाडवाला ने ऑफिशियल तौर पर एडवांस बुकिंग को लेकर घोषणा कर दी है. इस अनाउंसमेंट ने फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है. फिल्म के ट्रेलर ने पहले ही अपनी एक्शन से भरपूर कहानी, जबरदस्त ड्रामा और सलमान खान की दमदार एक्टिंग से ध्यान आकर्षित कर लिया है. साथ ही फिल्म के गाने भी जबरदस्त हैं और दर्शकों को पसंद आ रहे हैं.सलमान खान ईद 2025 के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहे हैं और हाल ही में भाईजान की फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया. वहीं अब सलमान ने फिल्म की एडवांस बुकिंग ओपन होने की डेट भी बता दी है. उन्होंने हाल ही में एक नए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, एडवांस बुकिंग 25 मार्च से शुरू हो गई और सिकंदर 30 मार्च से सिनेमाघरों में आएगी.

रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान की फिल्म को सेंसर बोर्ड ने यू/ए 13+ सर्टिफिकेट दिया है. इसका मतलब है कि 13 से ज्यादा उम्र वाले दर्शक सिकंदर को थिएटर्स में एंजॉय कर सकते हैं. फिल्म के डायरेक्टर ए.आर मुरुगदास ने फिल्म के रनटाइम का खुलासा किया और बताया कि फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 30 मिनट और 8 सेकंड होगा. सिकंदर का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही भाईजान के फैंस के बीच छा गया है, एक बात तो तय है कि सिकंदर में भाईजान का अलग ही एक्शन और स्वैग देखने को मिलेगा. ट्रेलर एक्शन के साथ-साथ इमोशंस से भी भरपूर है. भाईजान की सिकंदर के 3 मिनट 37 सेकंड के ट्रेलर को 24 घंटे से पहले ही 38 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं. सिकंदर 30 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी और अनुमान है कि यह भाईजान की सबसे बड़ी ओपनर बनकर उभरेगी. फिल्म में सलमान खान लीड रोल में हैं और उनके साथ रश्मिका मंदाना पहली बार स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं. इनके अलावा फिल्म में सत्यराज, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी भी अहम रोल प्ले कर रहे हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर द डिप्लोमैट की कमाई की रफ्तार धीमी, लाखों में सिमटा कारोबार



जॉन अब्राहम इन दिनों फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की कहानी और खासकर इसमें जॉन के अभिनय ने दर्शकों को उनका मुरीद बना दिया है। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल करती नहीं दिख रही।यह पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। आलम यह है कि फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। आइए बताते हैं द डिप्लोमैट ने 11वें कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द डिप्लोमैट ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.55 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म का अनुमानित बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। धीमी रफ्तार के बावजूद इसने अपना बजट निकाल लिया है। इस फिल्म के निर्देशक शिवम नायर हैं। इसमें सादिया खतीब, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकार भी हैं। द डिप्लोमैट की कहानी भारतीय डिप्लोमैट जेपी सिंह के जीवन से प्रेरित है, जिनका किरदार जॉन ने निभाया है।

## उतार-चढ़ाव से भरा रहा मेरा करियर : शरवरी वाघ



अभिनेत्री शरवरी अभिनय के क्षेत्र में पांच साल का समय बिता चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने कई शानदार फिल्में दीं। उन्होंने बताया कि उनका सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है।शरवरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत द फॉरगॉटन आर्मी - आजादी के लिए वेब सीरीज से की थी, जिसमें उनके साथ सनी कौशल मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद वह बंटी और बबली 2 में नजर आईं। धीमी शुरुआत के बाद अभिनेत्री मुंज्या, महाराज और वेदा जैसी हिट फिल्मों में काम कीं, जिन्हें काफी पसंद किया गया।शरवरी ने बताया, मैं अपने सफर के लिए आभारी हूं, जो उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैंने हर दिन कुछ नया सीखा है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत है। मुझे लंबा सफर तय करना है। शिव रवैल के निर्देशन में तैयार अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' में शरवरी वाघ अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी। कैट फूड शिबा के कैंपेन लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा लेने नई दिल्ली पहुंची शरवरी ने आलिया के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। शरवरी ने कहा, आलिया शानदार अभिनेत्री के साथ ही शानदार इंसान भी हैं और फिल्म में काम कर मुझे जो सबसे बड़ा फायदा मिला, यह था कि मुझे उनसे सीखने को मिला। उन्होंने कहा, मुझे हर दिन सेट पर उनके साथ रहना एक मास्टर क्लास की तरह लगता था। मैंने उनसे जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपने अगले हर प्रोजेक्ट में लागू करूंगी। मैं आलिया के साथ काम करने का यह अवसर पाकर आभारी हूं। शरवरी की अपकमिंग फिल्म अल्फा के बारे में बता दें कि यह यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इसकी शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर फ्रैंचाइज से हुई, पहले एक था टाइगर और उसके बाद टाइगर जिंदा है आई। इसके बाद वॉर, पठान और टाइगर 3 के साथ एक्शन और रोमांच का सफर जारी है। फ्रैंचाइज की आने वाली फिल्मों में अयान मुखर्जी के निर्देशन में तैयार वॉर 2, पठान 2 और टाइगर बनाम पठान शामिल हैं। 'अल्फा' क्रिसमस के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पृथ्वीराज सुकुमारन ने लगाई एल2: एम्पुरान की तीसरी किस्त पर मुहर, कहानी पर काम शुरू



मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता मोहनलाल की आगामी फिल्म एल2: एम्पुरान का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।यह फिल्म 27 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म मोहनलाल के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।अब एल2: एम्पुरान की रिलीज से पहले पृथ्वीराज ने फिल्म की तीसरी किस्त पर मुहर लगा ही है। आइए बताते हैं उन्होंने क्या कहा।पृथ्वीराज ने खुलासा किया कि एल2: एम्पुरान का तीसरा भाग भी बनेगा, क्योंकि इसकी कहानी को पूरा करने के लिए एक और फिल्म चाहिए।पृथ्वीराज ने कहा, एल2: एम्पुरान का तीसरा भाग भी आएगा, क्योंकि इसकी कहानी को पूरा करने के लिए एक और फिल्म चाहिए। अभी तीसरे भाग की कहानी पर काम शुरू ही हुआ है। फिल्म के लिए दर्शकों को थोड़ा इंतजार करना होगा।बता दें कि एल2: एम्पुरान साल 2019 में आई फिल्म लूसिफर का सीक्वल है। यह फिल्म 28 मार्च, 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था। यह फिल्म 127 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार करने में सफल रही। फिल्म का निर्देशन पृथ्वीराज ने किया था। अब लगभग 6 साल बाद लूसिफर का सीक्वल एल2: एम्पुरान आ रहा है।

## थलापति विजय की आखिरी फिल्म की रिलीज डेट का एलान, 9 जनवरी 2026 को आएगी सिनेमाघरों में



तमिल सुपरस्टार थलापति विजय भारतीय सिनेमा में जलवा दिखाने के बाद अब पॉलीटिक्स में एंट्री ले चुके हैं और उनकी अपकमिंग फिल्म थलापति 69 यानि जन नायगन उनकी आखिरी है. फिल्म की अनाउंसमेंट से ही दर्शक इस फिल्म की हर एक अपडेट के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं खासकर इसकी रिलीज डेट का. फैंस का इंतजार खत्म करते हुए विजय ने इसकी रिलीज डेट अनाउंस कर दी है.फिल्म के प्रोडक्शन हाउस केवीन ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए जन नायगन की रिलीज डेट की घोषणा की. प्रोडक्शन हाउस ने लिखा, जन नायगन 09.01.2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यानि फिल्म पोंगल के मौके पर रिलीज होगी. एक्टर विजय के साउथ के साथ ही पूरे भारत में करोड़ों फैंस हैं उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं और अब वे राजनीति में अपना पूरा समय देना चाहते हैं. इसीलिए उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस एक्साइटेड हैं.शुरुआत में अक्टूबर 2025 में रिलीज के लिए तय की गई फिल्म के लिए अब मेकर्स ने 9 जनवरी 2026 को पोंगल पर एक ग्रैंड रिलीज की घोषणा की है. अनिरुद्ध रविचंदर इसका म्यूजिक देंगे जो सोने पे सुहागा जैसा है. यह फिल्म विजय के साथ विनोथ का पहला कोलेबोरेशन भी है.जन नायगन साउथ स्टार विजय की आखिरी फिल्म है, इसके बाद वे अपने पॉलीटिकल करियर पर ध्यान देंगे. दिलचस्प बात है कि विजय की इस फिल्म में पॉलीटिक्स पर आधारित होगी.

# त्वचा पर इन 5 तरीकों से इस्तेमाल करें फिटकरी, चुटकियों में दूर होंगे दाग-धब्बे



मुंहासों की समस्या से हर कोई परेशान रहता है। ये कुछ दिनों में ठीक तो हो जाते हैं, लेकिन अपने जिद्दी दाग पीछे छोड़ जाते हैं।इन दाग-धब्बों को मिटाने के लिए रासायनिक उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन उनके नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। आप इनके बजाय त्वचा की देखभाल करने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकते हैं।यह सामग्री त्वचा को गहराई से साफ करेगी और निखार बढ़ाएगी। आप फिटकरी को इन 5 तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### फिटकरी और ग्लिसरीन का टोनर

सामग्री: आधा कप पानी, आधा चम्मच फिटकरी पाउडर, तुलसी के पत्ते और ग्लिसरीन की 4-5 बूंदें।विधि: टोनर बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी उबालें। इसमें फिटकरी का पाउडर और तुलसी डालकर उबलने दें।जब पाउडर घुल जाए तब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरें और ग्लिसरीन डालकर अच्छी तरह हिला लें।फायदे: रोजाना इस टोनर का इस्तेमाल करने से त्वचा कसेगी और उसपर मौजूद अतिरिक्त तेल साफ हो जाएगा, जिससे मुंहासे नहीं होंगे।

### फिटकरी और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

सामग्री: एक चम्मच फिटकरी पाउडर, 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी और एक चम्मच दूध।विधि: इस पैक को तैयार करने के लिए एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी और फिटकरी पाउडर को मिला लें। अब धीरे-धीरे इसमें दूध डालते जाएं और लगातार मिलाते हुए गाढ़ा पैक बना लें।इसे कुछ देर के लिए अपने चेहरे पर लगाकर सूख जाने दें, फिर पानी से धो लें।फायदे: मुल्तानी मिट्टी और फिटकरी का अनोखा मिश्रण दाग-धब्बों को हल्का करके त्वचा को साफ-सुथरा बना देगा।

### फिटकरी का स्क्रब

सामग्री: एक चम्मच फिटकरी पाउडर और चीनी।

विधि: फिटकरी का कारगर स्क्रब बनाने के लिए एक कटोरी में चीनी और फिटकरी पाउडर को मिला लें। इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से कुछ देर के लिए रगड़ें।ऐसा करने से आपकी त्वचा एक्सफोलिएट हो जाएगी और गंदगी, तेल, ब्लैकहेड्स और मृत त्वचा साफ हो जाएगी।

फायदे: यह स्क्रब आपकी त्वचा के रोम छिद्रों को गहराई से साफ करेगा और उसे मुलायम बना देगा। साथ ही, इससे मुंहासे भी नहीं होंगे।

### फिटकरी और गुलाब जल का फेस पैक

सामग्री: 2 चम्मच गुलाब जल और 2 चम्मच फिटकरी पाउडर।

विधि: इस फेस पैक को बनाने के लिए फिटकरी पाउडर और गुलाब जल को मिलाएं। इसे तब तक मिलाते रहें, जब तक कि पतला पेस्ट न तैयार हो जाए।इस पैक को अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें और सूखने के बाद पानी से धो लें।

फायदे: यह पैक मुंहासे के दाग-धब्बों को मिटाएगा, त्वचा की रंगत को निखारेगा और आखों की सूजन कम करेगा।

### फिटकरी, दही और शहद का फेस पैक

सामग्री: 2 चम्मच दही, एक चम्मच फिटकरी पाउडर और एक चम्मच शहद।विधि: इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले दही में फिटकरी पाउडर शामिल करें।

इसे अच्छी तरह मिलाने के बाद इसमें शहद डाल दें।इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट तक सूखने दें। इसके बाद गर्म पानी से चेहरा धो लें।फायदे: यह फेस पैक आपकी त्वचा को मुलायम बना देगा और एक प्राकृतिक चमक भी प्रदान करेगा।

# रसोई के सामानों से बनाए जा सकते हैं हर्बल तेल, जानिए कुछ आसान तरीके



हर्बल तेल हमारे बालों और त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है। इन्हें घर पर बनाना न केवल सस्ता होता है, बल्कि यह हमें शुद्धता की गारंटी भी देता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपनी रसोई में मौजूद सामग्री से हर्बल तेल बना सकते हैं।

यह प्रक्रिया सरल है और इसे कोई भी आसानी से घर पर बना सकता है तो आइए इनकी विधि जानते हैं।

### नारियल तेल का उपयोग करें

नारियल तेल एक बेहतरीन आधार होता है हर्बल तेल बनाने के लिए।

इसे हल्का गर्म करके उसमें तुलसी, नीम या करी पत्ते डालें। इन पत्तों को अच्छे से मिलाकर कुछ समय तक धीमी आंच पर पकाएं ताकि उनके गुण नारियल तेल में समा जाएं। इसके बाद इसे ठंडा होने दें और छानकर एक बोतल में भर लें।यह मिश्रण बालों को पोषण देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत भी बनाता है।

### जैतून का तेल और लहसुन आएगा काम

जैतून का तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है और इसे घर पर बनाना आसान है।इसके लिए जैतून के तेल में लहसुन की कुछ कलियां डालकर धीमी आंच पर पकाएं। जब लहसुन सुनहरा हो जाए तो इसे ठंडा करके छान लें।यह हर्बल तेल त्वचा की समस्याओं जैसे मुंहासे और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं और उसे स्वस्थ बनाए रखते हैं।

### सरसों का तेल और मेथी दाना भी है प्रभावी

सरसों का तेल बालों की जड़ों को मजबूत करने के लिए जाना जाता है।इसमें मेथी दाना डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक मेथी दाने भूरे न हो जाएं। फिर इसे ठंडा करके छान लें और बोतल में भर लें।

इस हर्बल तेल से सिर की मालिश करने पर बाल झड़ने की समस्या कम होती है और नए बाल उगने में मदद मिलती है।

### तिल का तेल और अदरक भी है कारगर

तिल का तेल शरीर को गर्म रखने वाला माना जाता है, खासकर सर्दियों में इसका उपयोग लाभकारी होता है।इसमें अदरक के टुकड़े डालकर हल्की आंच पर पकाएं जब तक अदरक अपना रस छोड़ दे। फिर इसे ठंडा करके छान लें और इस्तेमाल करें। यह मिश्रण जोड़ों के दर्द को कम करता है और शरीर को आराम पहुंचाता है। इन सरल विधियों द्वारा आप अपने घर पर ही विभिन्न प्रकार के हर्बल तेल बना सकते हैं।

# अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया पर राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान, वोट डालने के लिए देना होगा नागरिकता प्रमाण



वाशिंगटन (ए) । अमेरिका का राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप कई बड़े फैसले ले रहे हैं।अब अमेरिका फर्स्ट की नीति को अमल में लाते हुए ट्रंप ने एक और ऐसा ही फैसला लिया है। अब ट्रंप अमेरिकी चुनावों में बड़ा बदलाव लाने जा रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिकी चुनावों में व्यापक बदलाव लाने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए हैं। इसके तहत अब अमेरिका में वोट डालने के लिए अमेरिकी सिटिजनशिप होना अनिवार्य होगा। इसका यह मतलब होगा कि संघीय चुनावों में वोटिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नागरिकता के दस्तावेज की जरूरत होगी।

इस आदेश में कहा गया है कि अमेरिका चुनाव में बुनियादी और जरूरी सुरक्षा मुहैया करने में सफल नहीं रहा है। आदेश में संघीय एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव अधिकारियों के साथ संघीय डेटा साझा करें, जिससे उन्हें गैर-नागरिकों की पहचान करने में मदद मिल सके। इसके तहत राज्यों को वोटरों की लिस्ट उपलब्ध कराने और चुनाव संबंधित अपराधों पर सख्त एक्शन लेने का आदेश भी दिया गया है। वहीं आदेश ना मानने वाले राज्यों को फंडिंग ना देने की धमकी दी गई है। हालांकि ट्रंप के इन आदेशों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि अमेरिका में राज्यों के पास चुनावी नियम निर्धारित करने के अधिकार हैं।

# भारत ने नहीं दिया भाव, चीन की यात्रा पर निकले मोहम्मद यूनुस

## मीडिया रिपोर्ट में यूनुस के प्रेस सचिव के हवाले से बताया गया



ढाका (ए.)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस बुधवार से चीन के दौरे पर हैं। लेकिन वे चीन से पहले भारत की यात्रा करना चाहते थे। रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस पहले दिल्ली आना चाहते थे और इसके लिए अनुरोध भेजा गया था लेकिन भारत सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद वे चीन रवाना हो गए। एक मीडिया रिपोर्ट में यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम के हवाले से इसकी जानकारी दी गई है।

आलम ने कहा कि मुख्य सलाहकार यूनुस 26 मार्च से चीन की यात्रा कर रहे हैं, जहां उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होगी। इस दौरान यूनुस बांग्लादेश में चीनी निवेश के लिए बातचीत करने वाले है। रिपोर्ट के मुताबिक आलम ने कहा कि हमने भारत की यात्रा को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी। पिछले साल दिसंबर में ही भारतीय पक्ष से मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस की भारत की द्विपक्षीय यात्रा के लिए कहा गया। यह उनकी चीन यात्रा के अंतिम रूप दिए जाने से कुछ हफ्ते पहले किया गया था।

दुर्भाग्य से, हमें कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यूनुस भारत के साथ मधुर द्विपक्षीय संबंध चाहते हैं। पिछले चार महीने में ये दूसरी बार है जब चीन किसी दक्षिण एशियाई नेता की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली भी दिसंबर 2024 में चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे।

वहीं आलम ने कहा है कि चीन से लौटने के बाद यूनुस 3 से 4 अप्रैल को बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले है। उन्होंने कहा कि हमने थाईलैंड में आयोजित होने वाले आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रोफेसर यूनुस और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बैठक के लिए एक और अनुरोध किया है और हम भारत के जवाब मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में विभिन्न जगहों पर चीनी निवेश को प्रतिकूल नजरिए से देखा जाता है लेकिन बांग्लादेश, निजी चीनी निवेशों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

## मेहुल चोकसी पर बेल्जियम सरकार की नजर, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

ब्रुसेल्स(ए)। भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी पर भारत में पंजाब नेशनल बैंक से जुड़ा 13,850 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का आरोप है। इनकी मुश्किलें बढ़ सकती है क्योंकि बेल्जियम सरकार लगातार चोकसी पर नजर रखे हुए हैं। बेल्जियम के फेडरल पब्लिक सर्विस (एफपीएस) विदेश मामलों के प्रवक्ता और



सोशल मीडिया एवं प्रेस सेवा प्रमुख डेविड जोर्डेन्स ने कहा कि उनकी सरकार इस मामले को गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि एफपीएस का विदेश विभाग इस मामले से अवगत है और इसे अत्यधिक महत्व देता है। हालांकि, हम व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं करते। इस बीच, एंटीगुआ और बारबुडा की सरकार ने पुष्टि की है कि चोकसी चिकित्सा उपचार के लिए देश से बाहर गया है, लेकिन वह अब भी एंटीगुआ का नागरिक बना हुआ है।रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत ने बेल्जियम सरकार से चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया है, हालांकि इस संबंध में भारतीय अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चोकसी जल्द ही स्विट्जरलैंड के एक कैंसर अस्पताल में इलाज के लिए जाने की योजना बना रहा है।गौरतलब है कि मेहुल चोकसी, अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ, पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में वांटेड है और भारत सरकार कई वर्षों से उसके प्रत्यर्पण के प्रयास कर रही है। अब यह देखना होगा कि बेल्जियम, एंटीगुआ और भारत की सरकारें इस मामले को लेकर क्या कदम उठाती हैं।रिपोर्ट के अनुसार, चोकसी फिलहाल बेल्जियम के एंटवर्प शहर में अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है और उसने वहां का रहवासी कार्ड हासिल कर लिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चोकसी ने बेल्जियम में निवास आवेदन के दौरान झूठे दस्तावेज पेश किए और अपनी भारतीय व एंटीगुआ की नागरिकता की जानकारी छिपाई।एंटीगुआ और बारबुडा के विदेश मंत्री ईपी चेट ग्रीन ने चोकसी के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा, मुझे बताया गया है कि मेहुल चोकसी चिकित्सा उपचार के लिए विदेश गया है। वह अभी भी एंटीगुआ और बारबुडा का नागरिक है।

## जंगल में लगी आग की चपेट में आया 1000 साल पुराना बौद्ध मंदिर

उइसेओंग,(ए.)। दक्षिण कोरिया के उइसेओंग जिले में गाउंसा मंदिर, जो करीब 1000 साल पुराना बौद्ध मंदिर है, मंगलवार को जंगल की भीषण आग की चपेट में आ गया। यह मंदिर सिल्ला वंश के दौरान बनाया गया था और इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया था।झजानकारी अनुसार जंगल में लगी आग केवल गाउंसा मंदिर तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि इससे जोसेन वंश (1392-1910) की एक महत्वपूर्ण बौद्ध वास्तुकला संरचना भी नष्ट हो गई। अधिकारियों के अनुसार, यह संरचना भी राष्ट्रीय धरोहर के रूप में नामित थी। इस आग से राष्ट्रीय धरोहर को खासा नुक्सान हुआ है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मंदिर में मौजूद सभी भिक्षु और अन्य लोग आग के क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही सुरक्षित स्थान पर चले गए थे।

# अफगानिस्तान में बदल रहा हवा का रुख, लड़कियों के लिए 'लेट्स स्टडी' कैम्पेन शुरु

काबुल(ए)। अफगानिस्तान में चार साल तक लड़कियों की शिक्षा पर रोक रहने के बाद, कई महिला कार्यकर्ताओं ने तालिबानी नियमों की निंदा करते हुए नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत के अवसर पर 'लेट्स स्टडी' नामक कैम्पेन शुरू किया है। ऑनलाइन बयान में कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही 4 लाख अन्य लड़कियां शिक्षा से वंचित हो गई हैं, क्योंकि तालिबान ने अफगान लड़कियों को माध्यमिक और उच्च शिक्षा तक पहुंचने से रोक दिया है। दक्षिण एशियाई राष्ट्र में महिला अधिकार प्रदर्शनकारियों के अभियान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से 'अज्ञानी आतंकवादी समूह' तालिबान के प्रतिबंध के खिलाफ शिक्षा तक पहुंच के लिए अफगान महिलाओं के संघर्ष में उनका समर्थन करने का भी आग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं को अब वास्तविक अधिकारियों से कोई उम्मीद नहीं है, जो



महिलाओं के व्यवस्थित उत्पीड़न और मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के आग्रह के बाद बयान आया है कि देश में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही इस्लामिक देश की सभी लड़कियों को स्कूल लौटने की अनुमति दी जानी चाहिए। एजेंसी ने कहा कि यदि यह प्रतिबंध 2030 तक जारी रहता है, तो चार मिलियन से अधिक लड़कियां प्राथमिक विद्यालय से आगे की शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित हो जाएंगी। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा, इन लड़कियों और अफगानिस्तान के लिए परिणाम भयावह हैं। प्रतिबंध स्वास्थ्य प्रणाली, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। कम लड़कियों को शिक्षा मिलने से, लड़कियों को बाल विवाह का अधिक जोखिम होता है, जिसका उनके स्वास्थ्य और कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अफगान महिलाओं के शिक्षा के अधिकार के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के समर्थन को सुनिश्चित करते हुए अफगानिस्तान में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने रविवार को देश के भविष्य को आकार देने में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## चीन में जमकर हिली धरती लोग घरों से निकलकर भागे

बीजिंग(ए.)। चीन के उत्तरी हेबेई प्रांत के लैंगफैंग में योंगकिंग काउंटी में बुधवार को सुबह 1ः21 बजे (बीजिंग समय) भूकंप के झटके महसूस हुए। धरती हिलते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और काफी डर गए। भूकंप की 4.2 तीव्रता थी। चीन में भूकंप की निगरानी करने वाले चाइना अर्थक्वेक नेटवर्क्स सेंटर ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक यह भूकंप सतह से 20 किमी की गहराई में आया था। भूकंप का केंद्र चीन की राजधानी से 55 किमी दूर है, जिस कारण बीजिंग में भी झटके महसूस किए गए। राजधानी के कई लोगों को अपने मोबाइल पर इसका अलर्ट मिला। भूकंप के बाद भी बिजली आपूर्ति और परिवहन सामान्य बने हुए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की रिपोर्ट नहीं मिली है। लैंगफैंग शहर के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने स्थिति का जायजा लेने के लिए भूकंप के केंद्र पर कर्मियों को भेजा है। भूकंप के केंद्र से 5 किमी के इलाके में कई गांव और कस्बे मौजूद हैं। पिछले पांच साल में भूकंप के केंद्र से 200 किलोमीटर के दायरे में 3.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले कुल आठ भूकंप आए। बुधवार को आया भूकंप इनमें सबसे शक्तिशाली रहा है। भूकंप के बाद चाइना अर्थक्वेक नेटवर्क्स सेंटर ने आसपास के इलाकों में 251,692 यूजर्स को चेतावनी भेजी।

# खेल समाचार

## जिमी नीशम ने पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लिया 5 विकेट हॉल

### -न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान

नईदिल्ली ,( आरएनएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में जिमी नीशम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हॉल अपने नाम किए।

ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला 5 विकेट हॉल रहा। उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान की पूरी टीम 20 ओवर में 128/9 का ही स्कोर बना पाई।इस मुकाबले से पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/16 का था। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

नीशम ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 22 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी रेट 5.50 की रही।उन्होंने आघा सलमान (51), अब्दुल समद (4), शादाब खान (28), जहानदाद खान (1) और सुफियान मुकीम (0) को अपना शिकार बनाया।नीशम के अलावा जैकब डफी ने भी अच्छी गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। ईश सोढ़ी और बेन सियर्स को 1-1 सफलता मिली।पाकिस्तान के खिलाफ नीशम ने पहला मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक इस टीम के खिलाफ 23 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 16 पारियों में 18.45 की उम्दा औसत के साथ 20 विकेट लेने में सफल रहे हैं।पाकिस्तान के खिलाफ उनकी इकॉनमी रेट 8.75 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/22 का रहा है।नीशम द्वारा टी-20 क्रिकेट के इतिहा में न्यूजीलैंड के लिए किया गया यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।सूची में पहले स्थान पर टिम साउथी हैं। उन्होंने साल 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 1 मेडन ओवर के साथ 18 रन खर्च करते हुए 5 विकेट झटके थे। उनकी इकॉनमी 4.50 की रही थी।दूसरे स्थान पर कीवी टीम के एक और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन हैं। उन्होंने साल 2020 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 21 रन देकर 5 विकेट लिए थे।नीशम अब इस सूची में तीसरे स्थान पर आ गए हैं।नीशम ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2012 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने अब तक 83 मुकाबले खेले हैं और इसकी 57 पारियों में 24.44 की औसत और 8.94 की इकॉनमी रेट से 47 विकेट लेने में सफल रहे हैं।उन्होंने अपने टी-20 करियर में सबसे ज्यादा विकेट (20) पाकिस्तान के ही खिलाफ लिए हैं। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 21.22 की औसत से 955 रन बनाए हैं।

# बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में रोहित सहित इन तीन दिग्गजों को हो सकता है नुकसान




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आने वाले दिनों में केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर सकता है। इसमें श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल , यशस्वी जायसवाल सहित कुछ खिलाड़ियों को लाभ हो सकता है जबकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों को नुकसान को सकता है। ये तीनो ही अभी ए प्लस वर्ग में हैं जिसमें तीनों प्रारुप खेलने वाले खिलाड़ी ही रह सकते हैं। इन तीनों ने ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया है। ऐेस में इन तीनों को इस प्रारुप से बाहर किया जा सकता है। ए प्लस वर्ग में 7 करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। वहीं ए वर्ग में खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं जबकि ग्रेड-बी और सी में खिलाड़ियों को 3 करोड़ और 1 करोड़ रुपये मिलते हैं। केन्द्रीय अनुबंध राष्ट्रीय चयन समिति बनाती है।

पिछले साल बुमराह, रोहित, कोहली और जडेजा को ए प्लस में रखा गया था। अब केवल बुमराह ही ऐसे हैं जो तीनों प्रारुपों में खेलते हैं। वह टेस्ट के कप्तान भी बन सकते हैं। ऐसे में इस वर्ग में तीनो प्रारुपों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है। वहीं ए वर्ग से आर अश्विन बाहर होंगे क्योंकि उन्होंने संन्यास ले लिया है। अक्षर पटेल को लाभ हो सकता है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी20 प सीरीज के लिए उप-कप्तान बनाया गया था। उन्हें ग्रुप बी से ए में प्रमोट किया जा सकता है। अक्षर एकदिवसीय और टी20 दोनों में नियमित रूप से खेलते हैं। उन्होंने भारत के लिए 14 टेस्ट भी खेले हैं।वहीं अय्यर को पिछले सीजन में अनुबंध नहीं मिला था पर इस सत्र में उन्होंने 11 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसलिए वह किसी वर्ग में वापस आ सकते हैं। केन्द्रीय अनुबंध सूची में आने के लिए खिलाड़ी को एक कैलेंडर वर्ष में तीन टेस्ट, आठ एकदिवसीय या 10 टी20 खेलने होते हैं। युवा यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बी से ऊपर प्रमोशन मिल सकता है। उन्होंने सभी फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने सात टेस्ट खेले हैं जबकि सरफराज खान ने तीन टेस्ट खेले हैं। इन दोनों को ग्रुप सी में शामिल किया जा सकता है।

नीतीश कुमार रेड्डी ने पूरी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली है। इसलिए उन्हें भी केन्द्रीय अनुबंध सूची में शामिल कर लिया जाएगा। शार्दुल ठाकुर और रुतुराज गायकवाड़ पिछली सूची में थे। लेकिन इस बार वे जरूरी शर्तें पूरी नहीं कर रहे हैं। इसलिए वे सूची में नहीं होंगे। हालांकि, चयन समिति हेड कोच और सचिव से सलाह लेकर कुछ बदलाव कर सकती है।

## राशिद खान ने 1 विकेट लेकर ही रच डाला इतिहास, जसप्रीत बुमराह का महारिकॉर्ड तोड़ डाला




नईदिल्ली (आरएनएस) । गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। अपने चार ओवर के कोटे में राशिद ने 48 रन दिए और 1 विकेट हासिल किए। राशिद ने ओपनिंग बल्लेबाज प्रियांश आर्य को अपना शिकार बनाया। राशिद आईपीएल में सबसे तेज 150 विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, उन्होंने 122 पारी में यह मुकाम हासिल किया है। राशिद ने इस लिस्ट में जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 124 आईपीएल पारियों में 150 विकेट पूरे किए थे। राशिद दूसरे विदेशी स्पिनर बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में 150 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ सुनील नारायण ने किया है, जिनके नाम फिलहाल 176 पारियों में 181 विकेट दर्ज हैं। गौरतलब है कि इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हरा दिया।

## श्रेयर अय्यर ने तोड़ा धोनी का कप्तानी वाला रिकॉर्ड, शतक से चूकने के बावजूद भी रचा इतिहास

नईदिल्ली ( आरएनएस)। पंजाब किंग्स के कप्तान और स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार (26 मार्च) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में शानदार बल्लबाजी करते हुए 42 गेंदों में 230.95 की स्ट्राईक रेट से नाबाद 97 रन की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 9 छक्के जड़े।

अय्यर को उनकी विजयी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह भले ही आईपीएल में पहले शतक से चूक गए लेकिन इस मुकाबले में बतौर बल्लेबाज और कप्तान उन्होंने कुछ खास रिकॉर्ड बना दिए।अय्यर ने टी-20 क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए हैं, अपनी पारी में 26वां रन बनाते ही उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। इसके अलावा अय्यर ने आईपीएल में बतौर कप्तान 2000 रन भी पूरे कर लिए और टी-20 क्रिकेट में 250 छक्के भी। आईपीएल में बतौर कप्तान 70 मैच के बाद सबसे ज्यादा जीत हासिल करने के मामले में अय्यर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने बतौर कप्तान 41वीं जीत हासिल की है और धोनी ने भी अपने पहले 70 मैच में कप्तानी करते हुए इतनी ही हासिल की थी। 43 जीत के साथ रोहित शर्मा पहले नंबर पर हैं।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम को अब टी20 क्रिकेट के विकास का हिस्सा मान रहे धोनी

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बहस जारी है। जहां स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इसे सही नहीं मानते। वहीं भारतीय टीम के




पूर्व कप्तान मेहेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि जब इस नियम को पहली बार लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे पर अब उन्हें लगता है कि ये टी20 क्रिकेट के विकास का ही एक हिस्सा है। धोनी हालांकि अपने को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं। इसका कारण है कि वह अभी भी विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं। धोनी ने कहा, 'जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है हालांकि कुछ हद तक ये उनके लिए फायदेमंद रहा भी और नहीं भी। साथ ही कहा कि मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं, इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं। मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं पर मेरा मानना है कि खिलाड़ियों के सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है क्योंकि अब उनके ऊपर दबाव नहीं है।

# आईपीएल में आज लखनऊ सुपर जॉइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद में होगी टक्कर

### शाम 7:30 बजे से होगा मैच

हैदराबाद (ए)। लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। कप्तान ऋषभ पंत की सुपर जॉइंट्स की टीम को पहले ही मैच में दित्ली कैपिटल्स से हार मिली थी। ऐसे में उसपर किसी भी हाल में ये मैच जीतने का दबाव रहेगा। वहीं दूसरी ओर कप्तान पैट कमिंस की सनराइजर्स ने पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा और वह जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। सनराइजर्स की दावेदारी इसलिए भी प्रबल मानी जा रही है क्योंकि उसके पास एक से बढ़कर एक आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमक को धवस्त कर सकते हैं।



रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम ने आईपीएल का अब तक का सबसे अधिक सकोर 286 रन बनाया था। उसके पास कई आक्रामक बल्लेबाज हैं जिनका अंकुश लगाना दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। कई प्रमुख गेंदाबाजों के चोटिल होने से भी सुपर जॉइंट्स की परेशानी बढ़ी है हालांकि इस मैच से पहले तेज गेंदबाजा आवेश खान के फिट होने से टीम को थोड़ी राहत मिली है।सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन ने पहले ही मैच में शतक लगाकर अपनी इरादे जाहिर कर दिये थे। अब उसे किसी प्रकार दिल्ली के गेंदबाज रोकेंगे ये देखना होगा। इसके अलावा टीम के पासा अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इस प्रकार के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने सुपर जॉइंट्स के गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।लखनऊ के लिए चिन्ता की बात ये है कि उसके कप्तान ऋषभ पिछले मैच में शून्य पर ही आउट हो ये थे। इसके अलावा उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी नहीं थी और उन्होंने कई अवसर गंवाये थी। ऐसे में इस मैच में उन्हें कोई गलती नहीं करनी होगी। लखनऊ के लिए पहले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में पारी शुरु की थी और टीम चाहेगी कि इस मैच में भी ये दोनो ऐसा ही करें।

# कमिश्नर श्री तिवारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

## सभी शाखाओं का निरीक्षण कर ई ऑफिस सिस्टम से कार्य करने एवं रिकॉर्ड अपडेट रखने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट की स्थापना शाखा, वित शाखा एवं नाजरात शाखा के अभिलेखों का परीक्षण किया और जहां-जहां कमियां पाए गई वहां वहां आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कई कर्मचारियों की जीर्ण शीर्ण हो चुकी सेवा पुस्तिकाओं की रिपेयरिंग करने के निर्देश दिए और कहां की सभी सेवा पुस्तिकाओं में अधिकारियों के हस्ताक्षर एवं कर्मचारियों के नॉमिनी का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। कमिश्नर ने सभी शाखाओं के प्रभारी कर्मचारियों को निर्देश दिए की अब ई ऑफिस सिस्टम से सभी कार्य किए जाने हैं इसलिए ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही सभी फाइलें लिए जाएं हार्ड कॉपी या अन्य दस्तावेज ना लिए जाएं। उन्होंने सभी शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अपनी अपनी शाखाओं के रिकॉर्ड अपडेट रखें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की शिक्षा विभाग की तर्ज पर राजस्व विभाग भी अपने सभी कर्मचारियों की ई सेवा पुस्तिका बनाएं साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की सभी कर्मचारियों की डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका भी बनाई जाए और डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका कर्मचारियों के पास अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।उन्होंने निर्देश दिए कि हर कर्मचारी की गोपनीय चरित्रावली प्रतिवर्ष लिखी जाए उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई कर्मचारियों को समय मान वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावाली न होने के चलते उन्हें नहीं मिल पाया है, उन्होंने ऐसे शेष रह गए कर्मचारियों की



शीघ्र ही गोपनीय चरित्रावली अधिकारियों से एवं शाखा प्रभारी से लिखवा कर उन्हें समय मान वेतनमान का लाभ देने के निर्देश दिए। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नायब तहसीलदार के 17 पद के विरूध 15 पद भरे गए हैं। उन्होंने अन्य शाखाओं मैं कर्मचारीयों के रिक्त पदों की जानकारी ली। बताया गया की सहायक ग्रेड 3 से लेकर अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं स्थापना शाखा में ही संधारित की जा रही है। कमिश्नर ने समय मान वेतनमान पंजी, अवकाश पंजी, कंटीन्जेंसी पंजी, रोकड़ पंजी, चालान बुक, बिल पंजी का बारीकी से निरीक्षण किया एवं कर्मियों की ओर शाखा प्रभारियों का ध्यान आकर्षित कराया तथा निर्देश दिए कि उक्त कर्मियों को समय रहते दूर कर सुधार किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सेवा पुस्तिकाओं में अधिकारियों के हस्ताक्षर महत्वपूर्ण रहते हैं इसलिए प्राथमिकता से अधिकारियों के हस्ताक्षर कराए जाएं। कर्मचारी अपनी सेवा पुस्तिका में नामिनी का नाम अनिवार्य रूप से लिखें। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अपनी अपनी शाखाओं का टेबल निरीक्षण प्रति माह करें। और यदि कहीं सर्विस बुक में हस्ताक्षर छूट गए हैं तो हस्ताक्षर प्राथमिकता से करें। कमिश्नर ने रेंडम आधार पर सेवा पुस्तिका का निरीक्षण किया। कमिश्नर श्री तिवारी ने वित्त शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा प्रभारी को निर्देश दिए की शासन से जितना बजट प्राप्त होता है उतनी राशि की ही सामग्री क्रय की जाए।

बजट से ज्यादा सामग्री किसी भी स्थिति में नहीं खरीदी जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने वाहन, पेट्रोल एवं बिजली बिल का भुगतान प्रतिमाह संबंधित एजेंसी को करने के निर्देश दिए और कहां की हितग्राही मूलक योजनाओ में प्राप्त राशि का वितरण हितग्राहियों में प्राथमिकता से किया जाए, अनावश्यक रूप से बजट लैप्स ना किया जाए। जितना बजट है उतना खर्च किया जाए और बजट अगर समाप्त हो जाता है तो बजट की मांग भी की जाए।

# सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई

नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम की बैठक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित उपखंड स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक एसडीएम नीता कोरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार ;नर्मदापुरम नगर, नर्मदापुरम ग्रामीण, डोलरियाए माखन नगर, क्षेत्र संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम अनुसूचित जनजाति से सदस्य अनुसूचित जाति से सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य अन्य सदस्य रहे।बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्व और उप पुलिस अधीक्षक ;आजाक द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के विषय में चर्चा की गई। सभी सदस्यों को अत्याचार निवारण के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि पीड़ितों को सहायता और राहत राशि प्रदान करने की प्रक्रिया किस प्रकार संचालित की जाती है। बैठक में अत्याचार निवारण और समाज के कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

# बारिश से पूर्व नाले- नालियों एवं पुलिया से सख्ती से हटेंगे अतिक्रमण

## जल भराव की समस्या को देखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने जारी किए आदेश

नर्मदापुरम (निप्र)। वर्षाकाल से पूर्व समूचे नगर के नाले नालियों और पुलियाओं से सख्ती से अतिक्रमण हटाए जाएंगे। बुधवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने आदेश जारी कर टीम का गठन किया गया।

आगामी वर्षा काल में संभावित अतिवृष्टि को देखते हुए नगर में जल भराव वाले क्षेत्रों में वर्षा जल की निकासी सुचारू करने के लिए नगर के प्रमुख नाले.नालियों एवं पुलिया पर से अतिक्रमण हटाने साफ सफाई एवं गहरीकरण आदि कार्यों को तीव्रगति से किए जाने हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने आदेश जारी किए गए हैं।

### किया दल का गठन

.संबंधित वार्ड प्रभारी उपयंत्री,प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक संबंधित वार्ड, राजस्व उपनिरीक्षक संबंधित वार्ड सहायक राजस्व निरीक्षक संबंधित वार्ड वाहन प्रभारी अतिक्रमण दल।

### तत्काल प्रभाव से आदेश प्रभावशील

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा दल के सदस्य को आदेश दिए हैं कि अपने संबंधित वार्डों में नाले. नालियों एवं पुलिया की साफ.सफाई और अतिक्रमण हटाने आदि कार्य नियमित रूप से करेंगे। किए गए कार्य की पंजी संधारित कर कार्य के फोटोग्राफ पंजी में संलग्न करेंगे। संबंधित वार्ड पार्षद को उक्त कार्रवाई हेतु सूचित कर आवश्यक सहयोग प्राप्त करें। कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिससे आगामी वर्षाकाल में शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो एवं वर्षा जल की सुचारू निकासी हो।

# नर्मदापुर कथा व्यास मंच का होली मिलन समारोह गरिमामय माहौल में हुआ आयोजित

### गीत संगीत के साथ गुलाल और फूलों की होली खेलते हुए भजनों की हुई प्रस्तुति




नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम कथा व्यास मंच द्वारा मां नर्मदा तट के समीप स्थित भगवान श्री बांके बिहारी जी मंदिर में होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें होली गीत, वृंदावनी फाग, भजन में भक्त गणों के साथ साथ कथा व्यास मंच के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ भक्त गण भी भजन और नृत्य में भाव विभोर होकर मग्न हुए। सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने भजनों और वृंदावनी फाग का आनंद लिया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में फूलों की होली खेली गई। मंदिर के पुजारी पंडित भगवान दास जी ने भी सुमधुर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। साथ में आनंद तिवारी और साथियों द्वारा सुंदर भजनों के साथ होली गीत गाकर समां बांध दिया। मंदिर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में कथा व्यास मंच के वरिष्ठ संरक्षक आचार्य पं भालचंद खड्डुर, नर्मदापुरम कथा व्यास मंच के अध्यक्ष आचार्य पंडित नीरजेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पंडित सुनील भार्गव, पंडित दीनबंधु दुबे पंडित विष्णु शर्मा आचार्य पंडित अभिलाष शर्मा, पंडित राजेंद्र पुरोहित, पंडित शशांक तिवारी,और भी अनेक भक्तिमयी माताओं तथा नन्हें मुन्हें बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।अंत में बिहारी जी की आरती सभी ने बड़े भाव से उतारी और प्रसाद वितरण किया गया।

# अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

## 07 डंपर एवं एक जेसीबी वाहन जप्त



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इस क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कई वाहनों को जप्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील माखननगर के ग्राम झालसरसेठ स्थित तवा नदी से रेत खनिज का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी मशीन (क्रमांक MP05DB0991) को जप्त किया गया। इसके अलावा, ग्राम पांजरा रोड, तवा पुल के पास से एक डंपर (क्रमांक MP04ZY6393) को गिट्टी के अवैध परिवहन करनें पर जब?त किया गया। इसी प्रकार सिवनीमालवा बायपास रोड से छह डंपर (MP04HE8809, MP09GE5298, RJ09GF7772, RJ09GE1535, MP47ZB9839, MP13H1080) को रेत खनिज के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, तहसीलदार सिवनीमालवा नितिन राय, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रभारी खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमंत राज एवं होमगार्ड बल की उपस्थित रहे। जप्त किये गये वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने साकेत में सार्वजनिक प्याऊ का किया उद्घाटन

नर्मदापुरम (निप्र)। डोलरिया। ग्रीष्म काल प्रारंभ होते ही ग्रामीण अंचल में आवागमन करने वाले लोगों को राहत देने के उद्देश्य से भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा सार्वजनिक पेयजल सुविधा प्रारंभ की गई। खेड़ा टू सांवलखेड़ा मार्ग पर मंगलवार को ग्राम साकेत में इस प्याऊ का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला द्वारा किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने इस जनहितेषी पहल के लिए मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल व जनप्रतिनिधि को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे, जिला मंत्री ज्योति चौरे, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, सरपंच श्रीमती मृदुल लता पटेल, जनपद सदस्य वंदना सागोरिया निमसाड़िया सरपंच बालेंद्र पटेल उपसरपंच चिमन पटेल बाईखेड़ी सरपंच सुनील चौधरी, रैसलपुर उपसरपंच बृजेश चौरे, बीसारोड़ा मुकेश चौरे, मनोज पटेल, विनोद वर्मा हिमाचल सिंह, कृपाराम फौजदार, योगेश सोनी सहित अनेक ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल ने बताया कि इस मुख्य मार्ग से दो दर्जन गांवों के ग्रामीणजन आवागमन करते हैं। गर्मी के मौसम में उन्हें ठंडे पानी की नि:शुल्क सुविधा देने के लिए यह प्याऊ प्रारंभ की गई है।

# समस्त एंट्री प्वाइंटों पर प्रतिबंधित भारी वाहनों के प्रवेश हेतु नो एंट्री के बोर्ड लगाए जाएं : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत आने वाले बैतूल हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के समस्त एंट्री प्वाइंटों पर प्रतिबंधात्मक भारी वाहनों के शहर के अंदर से एवं बीच से ना निकलने हेतु नो एंट्री के बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्देश देते हुए कहां की संभाग की विभिन्न तहसीलों में विभिन्न मार्गों पर बस स्टाप को विशेष रूप से चिन्हित किया जाए, वर्तमान में बसे कहीं भी अनियंत्रित होकर रुक रही है जिससे यात्रियों को अनावश्यक रुप से परेशान होना पड़ रहा है। बसे बस स्टाप ना छोड़कर यात्रियों को कहीं भी उतार दे रही हैं इन सब को दृष्टिगत रखते हुए हैं बसो के निर्धारित बस स्टाप को प्राथमिकता से चिन्हित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि ऐसे चिन्हित बस स्टाप में यात्रियों के बैठने एवं छाया के लिए टीन सेड का निर्माण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। टीन सेड का निर्माण विधायक निधि एवं पंचायत निधि से कराना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने वर्तमान में कृषि उपज मंडियों में भारी मात्रा में ट्रैक्टर ट्रालियों के आवागमन पर एवं ट्रैक्टर ट्रालियों के रात में भी चलने से होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम एवं रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाना सुनिश्चित करें। संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, हरदा कलेक्टर अदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह, जिला पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर नर्मदापुरम डीके सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर, बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी (ऑनलाइन माध्यम से) एवं हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के जिला परिवहन अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की संभाग के सभी जिलों में ब्लैक स्पॉट विशेष रूप से चिन्हित किया जाए, उन ब्लैक स्पॉट को प्राथमिकता से ठीक भी किया जाए ताकि संभावित सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। कमिश्नर ने सभी स्कूली बसों एवं अन्य यात्री बसों की एक बार पुन: चेकिंग करने के निर्देश दिए और कहां की चेकिंग के दौरान बस का परमिट, ड्राइवर के लाइसेंस एवं बसों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। कमिश्नर ने सभी जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सभी बस संचालकों से यह लिखित में लेवे की बसो का स्टॉपेज कहाँ-कहाँ पर है। और वहां बस रुक रही है कि नहीं यदि बस निर्धारित स्टॉपेज में नहीं रूक रही है तो ऐसे बस संचालकों पर नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने कहा कि बस परमिट में लिखा होता है नर्मदापुरम हरदा बैतूल में रुकेगी लेकिन किन जगहों पर रुकेगी यह स्पष्ट नहीं होता है। उन्होंने निर्देश दिए की बस परमिट में यह स्पष्ट होना चाहिए की बसें किन स्थानों पर रूकेगी। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारियों को बसों के स्टॉपेज की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी बस स्टैंड पर बस के आने जाने की टाइमिंग अनिवार्य रूप से लिखवाई जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि दोपहिया चौपाहियां एवं बस तथा भारी वाहनों से नर्मदापुरम में गत वर्ष 874 सड़क दुर्घटना में 196 लोगों की मृत्यु हुई थी।

# D.El.Ed. (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) परीक्षा आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से होगी प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (D.El.Ed.) सत्र 2024-25 की नियमित परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) हेतु परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से शुरू होगी। इच्छुक परीक्षार्थी अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन के कियोस्क अथवा पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथियों में जमा कर सकेंगे।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक सामान्य शुल्क के साथ आवेदन जमा किए जा सकेंगे। इसी प्रकार दिनांक 16 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक 500 रुपए, दिनांक 21 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक 1,000 रुपए, दिनांक 26 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक 1,500 रुपए शुल्क के साथ आवेदन जमा होंगे।सत्र 2024-25 में प्रवेशित नवीन अभ्यर्थी प्रथम वर्ष का परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। इसी प्रकार मण्डल से संबद्ध संस्थानों के वे ही छात्र आवेदन कर सकेंगे जिन्हें शासन से जारी प्रवेश नियमों के अंतर्गत प्रवेश दिया गया है तथा जिन्होंने NCTE के नियमानुसार शैक्षणिक दिवसों एवं शिक्षण अभ्यास को पूर्ण किया है। सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष अनुत्तीर्ण छात्र तृतीय अवसर के तहत अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। सत्र 2022-23 के प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्र अंतिम अवसर में सम्मिलित हो सकेंगे।


### आधार कार्ड में सही नाम सुधार की सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं दिनेश कुमार दामरे आयु करीब 47 वर्ष पिता श्री जाडिया दामरे वार्ड नं 04 डोलरिया, तहसील डोलरिया, जिला नर्मदापुरम का निवासी हूं। यह सूचना शपथ पत्र के माध्यम से प्रकाशित करा रहा हूं कि मेरे पुत्र सूजल दामरे जिसका आधार नंबर 540901160743 है। आधार में सुजल दामडे (SUJAL DAMDE) दर्ज है।

जबकि मेरे पुत्र का सही नाम सूजल दामरे (SUJAL DAMRE) है। मेरे पुत्र की सभी अंकसूची और जन्म प्रमाण पत्र में भी सूजल दामरे नाम दर्ज है। उसी आधार पर आधार कार्ड में भी सूजल दामरे ही दर्ज किया जाना है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। यदि उपरोक्त जानकारी गलत पाई जाती है तो इसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

दिनेश कुमार दामरे
वार्ड नं 04 डोलरिया,
तहसील डोलरिया, जिला नर्मदापुरम



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी

क्रमांक/लोक कर्म शाखा/नपाई/2025/2356 इटारसी दिनांक 26/03/2025

//ई निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर पोर्टल क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_411960_1 | वार्ड क्रं. 12 में हैहय क्षत्रिय सभा कलचूरी कलार समाज इटारसी द्वारा निर्मित सार्वजनिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 211865/- | 2000/- 2119/- | 25.04.2025 |
| 2 | 2025_UAD_412040_1 | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालवीगंज इटारसी में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 385754/- | 2000/- 3858/- | 25.04.2025 |
| 3 | 2025_UAD_412070_1 | इटारसी नगर के वार्ड राजेन्द्रपुरा में सरस्वती शिशु विध्या मंदिर मीठा कुआ पुरानी इटारसी में कक्ष निर्माण कार्य। (सांसद निधि) | 1058892/- | 2000/- 7942/- | 25.04.2025 |
| 4 | 2025_UAD_412133_1 | इटारसी नगर के वार्ड रैदास नगर में कलचुरी (कलार) सामाजिक भवन गरीबी लाईन में कक्ष निर्माण कार्य। (सांसद निधि) | 191484/- | 1000/- 3830/- | 25.04.2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद इटारसी



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम

Office Email ID eereshbd@gmail.com & eereshoshangabad@mp.gov.in

क्र./983/निविदा/ग्रायांसे/2025 नर्मदापुरम, दिनांक 26/03/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 12/2024-25

निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन निविदाये आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | संभाग का नाम | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित | निविदा क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES_412512 | नर्मदापुरम | जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम पांजराकलां में इटारसी मंडी सड़क के नाले के पास से श्री बटानीलाल चौरे के मकान के पीछे तक सी.सी. रोड निर्माण | 195478/- | 3909/- | 2000/- | 02 माह | द्वितीय |
| | कुल योग | | | 195478/- | एक लाख पिंचानबे हजार चार सौ अठहत्तर मात्र | | | |

निविदा में निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

| क्र. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन प्रकाशित होने की तिथि | 04/04/2025 | 17:00 पीएम |
| 2 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ की तिथि | 07/04/2025 | 17:00 पीएम |
| 3 | ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 07/04/2025 | 17:00 पीएम |
| 4 | ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/04/2025 | 13:00 पीएम |
| 5 | ऑनलाईन निविदा खुलने की तिथि | 15/04/2025 | 13:00 पीएम |

निविदा प्रपत्र (Tender Document) बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर आनलाईन प्रकाशित किये जायेंगे। तथा किसी भी प्रकार के संशोधन/जानकारी ऑनलाईन ही सबमिट की जाएगी। समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जाएगा। निविदा शर्ते/प्रपत्र आदि की जानकारी के लिए पोर्टल पर देखें।

जी/24834/24

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com